NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :05, अंक :-296, पृष्ठ : 12 | बुधवार, 06 मई, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# बंगाल में बवाल

## चुनाव बाद हिंसाः सुरक्षाबलों पर फायरिंग, 24 घंटों में 4 हत्याएं

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद हिंसा की घटनाएं शुरू हो गई हैं। नॉर्थ 24 परगना जिले के संदेशखाली स्थित बामनघेरी इलाके में रात को गश्त कर रही पुलिस और केंद्रीय बलों पर हमला हुआ। उपद्रवियों ने फायरिंग की, जिसमें पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।

घायलों में नाजाट थाने के ऑफिसर इन-चार्ज, एक कांस्टेबल, एक महिला पुलिसकर्मी और केंद्रीय बलों के दो जवान शामिल हैं। राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग जगहों पर 4 लोगों की हत्या कर दी हुई। इनमें भाजपा और टीएमसी के 2-2 कार्यकर्ता हैं।

भाजपा ने उत्तर 24 परगना के न्यू टाउन और हावड़ा के उदय नारायणपुर में अपने दो कार्यकर्ताओं की हत्या का आरोप टीएमसी पर लगाया है। टीएमसी ने भी आरोप लगाया है कि कोलकाता के बेलेघाटा और बीरभूम के नानूर में उसके दो पार्टी सदस्यों की हत्या कर दी गई। इस चुनावी हिंसा की आग में



मुख्य रूप से आसनसोल, कोलकाता, न्यू टाउन और बीरभूम जैसे संवेदनशील इलाके सबसे ज्यादा झुलस रहे हैं। मंगलवार को भड़की इस भीषण हिंसा में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता को अपनी जान गंवानी पड़ी है। न्यू टाउन इलाके में भाजपा की एक विजय रैली निकल रही थी, उसी दौरान हुए विवाद में भाजपा कार्यकर्ता की मौत हो गई। वहीं, बीरभूम जिले के नानूर इलाके में टीएमसी कार्यकर्ता अबीर शेख की बेरहमी से हत्या कर दी गई। इसका सीधा आरोप भाजपा के कार्यकर्ताओं पर लगाया गया। इसके अलावा पूरे राज्य में कई जगहों पर विशेष रूप से टीएमसी के दफ्तरों को निशाना बनाया गया है और उनमें जमकर आगजनी की गई है।

### तृणमूल ऑफिस पर बुलडोजर चला

कोलकाता के न्यू मार्केट में भीड़ ने टीएमसी के पार्टी ऑफिस को बुलडोजर से गिरा दिया। उपद्रवियों ने आसपास की दुकानों को भी नुकसान पहुंचाया। टीएमसी ने घटना का वीडियो शेयर करते हुए पर लिखा- भाजपा का 'परिवर्तन' आ चुका है और वह बुलडोजर लेकर आया है।

## सरकार बनाने को राज्यपाल से मिलेंगे टीवीके प्रमुख



**चेन्नई।** तमिलनाडु में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। राज्य के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने इस बात की आधिकारिक पुष्टि की है कि टीवीके प्रमुख विजय आज उनसे मुलाकात कर रहे हैं। राज्यपाल ने बताया कि विजय ने उन्हें इसके लिए एक पत्र भी लिखा था।

तमिलनाडु में सरकार गठन को लेकर राजनीतिक सरगर्मी चरम पर है। कांग्रेस द्वारा टीवीके को समर्थन दिए जाने के बीच सत्ताधारी द्रमुक की नेता और प्रवक्ता कनिमोझी एनवीएन सोमू ने एक चौंकाने वाला बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मैंने भी मीडिया में ऐसी अटकलें पढ़ी हैं कि सीवी शनमुगम के साथ अन्नाद्रमुक के 21 विधायक अपनी पार्टी से अलग होकर टीवीके में शामिल हो सकते हैं। कनिमोझी ने यह भी कहा कि अगर अन्नाद्रमुक टीवीके को सरकार बनाने के लिए बिना शर्त समर्थन दे देती है, तो उन्हें कोई हैरानी नहीं होगी। द्रमुक प्रवक्ता टीकेएस इलांगोवन ने चेन्नई में बयान देते हुए कहा कि शुरूआत से ही ऐसी चर्चा थी कि कुछ लोग विजय का समर्थन कर उनकी पार्टी में जाना चाहते हैं। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी हर राज्य में ऐसा ही कर रही है और अंततः हर जगह हार रही है।

## भाजपा का हर छठा सांसद वोट चोरी से जीताः राहुल

### निष्पक्ष चुनाव हुए तो 140 सीटें भी नहीं जीतेंगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी पर चुनावी प्रक्रिया में धांधली का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा में भाजपा के हर छठे सांसद ने वोट चोरी के जरिए जीत हासिल की है। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि अगर देश में निष्पक्ष चुनाव कराए जाएं तो बीजेपी 140 सीटें भी नहीं जीत पाएगी।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हिंदी में पोस्ट करते हुए कहा कि वोट चोरी से कभी एक सीट चुराई जाती है और कभी पूरी सरकार। लोकसभा में बीजेपी के 240 सांसदों में लगभग हर छठा सांसद वोट चोरी करके पहुंचा है। उन्होंने भाजपा पर हमला तेज करते हुए कहा कि ऐसे सांसदों की पहचान करना मुश्किल नहीं है। राहुल गांधी ने भाजपा की शब्दावली का इस्तेमाल करते हुए सवाल किया कि क्या ऐसे लोगों को घुसपैठिया कहा जाना



चाहिए। उन्होंने हरियाणा सरकार को भी निशाने पर लेते हुए कहा कि वहां पूरी सरकार ही घुसपैठिया है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावी संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया में हेरफेर किया जा रहा है और जिन संस्थाओं को निष्पक्ष होना चाहिए, वे रिमोट कंट्रोल से चलाई जा रही हैं। राहुल गांधी ने कहा, भाजपा को सबसे ज्यादा डर सच से लगता है। अगर आज निष्पक्ष चुनाव हो जाएं तो वे 140 सीटें भी नहीं जीत पाएंगे।

## नीतीश कुमार के बेटे निशांत के मंत्री बनने की चर्चा तेज

**पटना।** बिहार की राजनीति से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। पूर्व मुख्यमंत्री और जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से पार्टी के दिग्गज नेता ललन सिंह, संजय झा और विजय चौधरी ने मुलाकात की है। पार्टी में नीतीश कुमार के बेटे निशांत को मंत्री बनाए जाने पर भी चर्चा हो रही है। कल निशांत के भी मंत्री पद की शपथ लेने की संभावना है।

दरअसल, बिहार में कल एनडीए सरकार का कैबिनेट विस्तार होगा। पटना के गांधी मैदान में 7 मई को दोपहर 12.10 बजे नए मंत्रियों का शपथ ग्रहण होगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज शाम ही पटना पहुंच जाएंगे। गांधी मैदान में 27 मंत्री शपथ लेंगे। 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ केवल दो डिप्टी सीएम विजय चौधरी और विजेंद्र यादव ने शपथ ली थी। जानकारी के मुताबिक, बीजेपी और जेडीयू के बीच मंत्री पद का बंटवारा बराबर-बराबर होगा।



# अमेरिका का होर्मुज से सुरक्षित जहाज निकालने का ऑपरेशन बंद

## ट्रम्प बोले- पाकिस्तान की अपील पर फैसला लिया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार रात अचानक प्रोजेक्ट फ्रीडम रोकने का ऐलान किया। अमेरिका ने सोमवार सुबह होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों को सुरक्षित निकालने के लिए यह ऑपरेशन शुरू किया था।

ट्रम्प ने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से यह ऑपरेशन रोकने की अपील की गई थी। ईरान के साथ समझौते को लेकर बात आगे बढ़ी है, इसलिए यह फैसला लिया गया है। उधर ईरान के सरकारी मीडिया ने इसे अपनी जीत बताया। उनका कहना है कि ट्रम्प को पीछे हटना पड़ा क्योंकि वो इस रास्ते को खुलवाने में नाकाम रहे। अमेरिका इस ऑपरेशन के तहत सोमवार को 2 और मंगलवार को




सिर्फ 1 जहाज सुरक्षित निकाल पाया था। जबकि जंग से पहले हर दिन होर्मुज से औसतन 130 जहाज गुजरते थे।

इससे कुछ ही घंटे पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा था कि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ अपनी सैन्य कार्रवाई पूरी कर ली है और अब सिर्फ प्रोजेक्ट फ्रीडम पर ध्यान है। प्रोजेक्ट फ्रीडम शुरू होने के बाद ईरान नाराज हो गया था। उसने चेतावनी दी थी कि उसकी इजाजत के बिना कोई जहाज इस रास्ते से नहीं गुजर सकता। इसके बाद ईरान ने होर्मुज में साऊथ कोरिया के एक जहाज पर हमला किया। साथ ही यूएई में भी मिसाइल हमले किए।

ईरान की संसद के स्पीकर के सलाहकार महदी मोहम्मदी ने मंगलवार को कहा कि मौजूदा संघर्ष में समय सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने कहा कि सबसे अहम रणनीति यह है कि दुश्मन की तय टाइमिंग को बिगाड़ दिया जाए। महदी मोहम्मदी के मुताबिक, अभी यही हो रहा है। डोनाल्ड ट्रम्प का संतुलन बिगड़ रहा है, क्योंकि उनके हिसाब से जो युद्ध का तय समय था, वह अब खत्म होने के करीब है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाला समय ईरान के हाथ में है और दुश्मन की ताकत धीरे-धीरे कमजोर पड़ रही है।

## बीजिंग में चीन-ईरान के बीच बैठक शुरू



**बीजिंग।** ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच बैठक शुरू हो गई है। इस बातचीत के केंद्र में दो बड़े मुद्दे हैं। युद्धविराम को बनाए रखना और होर्मुज को फिर से खोलना।

अल जजीरा के मुताबिक ये दोनों ही मुद्दे चीन की प्राथमिकता में हैं और वह लगातार इन पर खुलकर बोलता रहा है। वह ईरान के बंदरगाहों पर लगाई गई अमेरिकी नाकेबंदी को पहले ही खतरनाक बता चुका है। लेकिन अब वह ईरान की भी आलोचना कर रहा है, क्योंकि होर्मुज बंद रखने से वैश्विक व्यापार पर असर पड़ रहा है। बीजिंग इस बैठक में ईरान से साफ-साफ जानना चाहता है कि अगर वह होर्मुज बंद रखता है, तो चीन किस हद तक उसका साथ दे सकता है। खासकर संयुक्त राष्ट्र में, जहां नए प्रतिबंधों को रोकने के लिए ईरान को चीन के समर्थन की जरूरत पड़ेगी। वहीं ईरान भी चीन से स्पष्ट जवाब चाहता है। उसे यह जानना है कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बीजिंग आएंगे, तब चीन क्या रुख अपनाएगा। कहीं ऐसा तो नहीं कि अमेरिका के साथ बातचीत में चीन कोई ऐसी रियायत दे, जिससे ईरान असहज हो जाए। इसके बदले चीन भी अपनी तरफ से आश्वासन चाहता है कि ट्रम्प की अहम यात्रा से पहले ईरान कोई बड़ा या आक्रामक कदम नहीं उठाएगा।

# पंजाब में फिर धमाका

## जालंधर के बाद अमृतसर में आर्मी कैंप के बाहर ब्लास्ट



**अमृतसर।** अब अमृतसर में खासा कैंप के पास स्थित आर्मी कैंप के बाहर मंगलवार देर रात जोरदार धमाका हुआ। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग घरों से बाहर निकल आए।

जानकारी के अनुसार, धमाका रात करीब 11 बजे के बाद हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और आर्मी की टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गई और पूरे इलाके को घेरकर सुरक्षा कड़ी कर दी गई। साथ ही फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉयड को भी जांच के लिए बुलाया गया है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि धमाके से आर्मी कैंप की बाहरी दीवार पर लगी टीन की चादरों को नुकसान पहुंचा है। फिलहाल किसी के घायल होने या जानमाल के नुकसान की पुष्टि नहीं हुई है।

अधिकारियों के अनुसार पूरे क्षेत्र में पुलिस और सेना की भारी तैनाती कर दी गई है। अमृतसर देहाती के एसपी आदित्य वारियर ने बताया कि सूचना मिलते ही तुरंत कार्रवाई की गई और जांच जारी है। उन्होंने कहा कि फोरेंसिक टीमें सबूत जुटा रही हैं और जांच पूरी होने के बाद ही घटना के सही कारणों का खुलासा किया जाएगा। खासा छावनी में धमाके पर कांग्रेस नेता राज कुमार वेरका ने कहा कि यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि राज्य में चुनाव होने वाले हैं। यह इलाका केंद्र सरकार के अधीन आता है। न तो केंद्र सरकार और न ही राज्य सरकार यहां की स्थिति को नियंत्रित कर पा रही है। मुझे लगता है कि पंजाब में चुनावों में धांधली करने की कोई साजिश रची जा रही है।

# कानपुर में 50 हजार का इनामी मुठभेड़ में ढेर, एसओजी प्रभारी भी घायल

**कानपुर।** हरदोई जिले में उर्स का मेला देखने गए मासूम की अपहरण कर हत्या किए जाने के आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। मृतक पर 50,000 रुपये का इनाम भी घोषित था। मुठभेड़ के दौरान एसओजी प्रभारी भी गोली लगने से घायल हुए हैं। बीते शुक्रवार को मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में उर्स का मेला देखने गए आठ साल के मासूम का अपहरण हो गया था।

पिता की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज किया था। मंगलवार को मासूम का शव गांव के पास ही मक्के के खेत में मिट्टी में गड़ा बरामद हुआ था। मामले की जांच के दौरान पता चला था कि कन्नौज जनपद के ठठिया निवासी मेनूर उर्फ सेनूर का नाम सामने आया था। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया कि बुधवार तड़के बाबटमऊ के पास पुलिस मुठभेड़ के दौरान मैनूर सीने में पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया।

उपचार के लिए उसे सीएचसी से मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया। यहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उसके खिलाफ अलग-अलग थानों में कई मामले दर्ज हैं। उस पर 50,000 रुपये का इनाम घोषित था। आरोपी के पास से एक पिस्टल, एक तमंचा, एक खोखा, एक कारतूस और बाइक बरामद हुई है। घटना में एसओजी प्रभारी राजेश यादव भी गोली लगने से घायल हुए हैं।

# बेंगलुरु में इसरो कैंपस के ऊपर ड्रोन मंडराने के बाद मचा हड़कंप

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु में इसरो के आईएसआईटीई परिसर के ऊपर कथित तौर पर एक ड्रोन को उड़ता हुआ देखे जाने के बाद हड़कंप मच गया। इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने बताया कि इसरो का यह परिसर एक ड्रोन निषेध क्षेत्र है। पुलिस ने बताया कि यह घटना दो मई को सुबह करीब आठ बजकर 16 मिनट पर घटी।

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के एक सब इंस्पेक्टर की शिकायत के बाद जांच शुरू की गई, जिन्होंने आईएसआईटीई (सैटेलाइट इंटीग्रेशन एंड टेस्ट एस्टैब्लिशमेंट) परिसर के ऊपर लगभग 80 से 100 फुट की ऊंचाई पर 10 से 12 सेकंड तक एक अज्ञात ड्रोन को उड़ते हुए देखा था। एफआईआर के अनुसार, इसरो आईएसआईटीई परिसर एक अत्यंत संवेदनशील और प्रतिबंधित क्षेत्र है, जिसे ड्रोन निषेध क्षेत्र घोषित किया गया है। ऐसे संवेदनशील क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अनधिकृत हवाई गतिविधि सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करती है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि ड्रोन निषेध क्षेत्र होने की जानकारी के बावजूद, कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने प्रतिबंधित क्षेत्र में अवैध रूप से ड्रोन उड़ाया।

# कूल-कूल हुआ मई का महीना! तेज आंधी के साथ होगी बारिश

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार शाम बारिश हुई। दिल्ली के कई इलाकों में ओलावृष्टि भी हुई है। मई के मौसम में लोगों को गर्मी से राहत मिल गई है। मंगलवार को कई हिस्सों में ओलावृष्टि और आंधी के साथ बारिश के चलते तापमान में तेज गिरावट आई है। शहर की हवा इस साल की सबसे साफ दर्ज की गई। द्वारका और इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा सहित कई इलाकों में ओले गिरे हैं।

स्काइमेट के उपाध्यक्ष महेश पलावत ने कहा कि हाल के दिनों में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण क्षेत्र में चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है, जिससे आज रात (मंगलवार-बुधवार) हल्की बारिश हो सकती है। साथ ही उन्होंने कहा कि अगले एक सप्ताह तक लू चलने की आशंका कम है। इसलिए लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी।

मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर में अभी 'येलो अलर्ट' जारी किया है। मौसम विभाग ने रात के दौरान



बारिश की संभावना जताई है। साथ ही दिल्ली के कुछ इलाकों ओले गिरने का भी अनुमान जताया है। इसके चलते बुधवार सुबह भी मौसम ठंडा बना रहेगा। दिन के समय हल्के बादल और धूप रहेगी। इस दौरान ठंडी हवाएं भी चलती रहेंगी।

दिल्ली में सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच पालम में 9.8 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि आया नगर में 1.4 मिमी बारिश हुई। सफदरजंग में केवल हल्की बारिश दर्ज की गई, जबकि लोधी रोड और रिज क्षेत्र में इस अवधि के दौरान बारिश नहीं हुई। सुबह साढ़े आठ बजे तक के आंकड़ों में रिज में 11.9 मिमी, लोधी रोड में 6.1 मिमी और सफदरजंग में 4.6 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि पालम में हल्की और आया नगर में बारिश नहीं हुई। सफदरजंग में 33.6 डिग्री सेल्सियस (सामान्य से 5.7 डिग्री कम), पालम में 32.8 डिग्री (7.3 डिग्री कम), लोधी रोड में 32.2 डिग्री (5.8 डिग्री कम), रिज में 32.8 डिग्री (7.2 डिग्री कम) और आया नगर में 32.8 डिग्री (8 डिग्री कम) तापमान दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से कम रहा। सफदरजंग में 19.6 डिग्री (5.1 डिग्री कम), पालम में 21.1 डिग्री (4.5 डिग्री कम), लोधी रोड में 18.6 डिग्री (4.4 डिग्री कम), रिज में 17.7 डिग्री (7.3 डिग्री कम) और आया नगर में 22.4 डिग्री (1.2 डिग्री कम) दर्ज किया गया।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376।** प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
www.nnindianews.com
बुधवार, 06 मई, 2026


# तीन दोस्तों को अज्ञात वाहन ने रौंदा, दो की मौत

## आगरा से भरतपुर शादी में शामिल होने के लिए गए थे, तीसरे की हालत गंभीर

एनएनआई

**भरतपुर।** बहनेरा के पास मंगलवार देर रात सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। उनका तीसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों शादी समारोह में शामिल होने के लिए भरतपुर जा रहे थे। मृतकों में एक आगरा के सिकंदरा और दूसरा फिरोजाबाद क्षेत्र का रहने वाला है।

पुलिस ने बताया कि युवक आगरा से भरतपुर आ रहे थे। बहनेरा के पास उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद तीनों सड़क पर गिर गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया। घटना के चश्मदीद और दोस्त श्याम ने बताया कि हादसे में सिकंदरा निवासी निशु कटारा (27) और फिरोजाबाद के जहरोली निवासी



आकाश चौहान (27) की मौके पर ही मौत हो गई।

तीसरा साथी विनय गंभीर रूप से घायल है। उसे प्राथमिक उपचार के बाद आगरा रेफर किया गया। पुलिस ने दोनों के शवों को आरबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। दोनों के परिजन को सूचना दी गई है। थाना पुलिस का कहना है कि अज्ञात वाहन की तलाश के लिए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। घटना की जानकारी मिलने पर आगरा में मृतक के घर चीख-पुकार मच गई।



# हाथरस में सरसों के तेल का टैंकर पलटा, लोग डिब्बों में भरकर ले गए

एनएनआई

**हाथरस।** हाथरस-बरेली रोड पर हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र में आज बुधवार की सुबह करीब 3 बजे के लगभग सरसों के तेल से भरा एक टैंकर पलट गया। यह घटना गांव सलेमपुर के पास हुई, जब टैंकर जयपुर से बरेली जा रहा था। टैंकर पलटने से उसमें भरा तेल सड़क और आसपास के खेतों में फैल गया। इससे कुछ देर के लिए यातायात बाधित हुआ और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

छ लोग बर्तनों में भरकर तेल ले गए। बताया जा रहा है कि टैंकर चालक को अचानक सीने में दर्द हुआ, जिसके कारण वह वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और टैंकर असंतुलित होकर पलट गया। चालक को इलाज के लिए एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने यातायात को सुचारु कराया और स्थिति को नियंत्रित किया।

# प्रॉपर्टी डीलर हत्याकांड के 4 आरोपी गिरफ्तार

एनएनआई

**हाथरस।** प्रॉपर्टी डीलर वेद प्रकाश उर्फ सोनू हत्याकांड में पुलिस ने चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से तीन आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ के बाद पैर में गोली लगने से घायल अवस्था में पकड़ा गया, जबकि एक अन्य को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है।



यह मामला 7 अप्रैल का है, जब सहपऊ कोतवाली क्षेत्र में जलेसर रोड पर एक नाले से प्रॉपर्टी डीलर वेद प्रकाश उर्फ सोनू का शव बरामद हुआ था। उसकी हत्या कर शव को फेंका गया था। इस हत्याकांड में दिल्ली वाला मोहल्ला निवासी कमल और उसके भाई गौरव के खिलाफ मकान हड़पने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। कमल और गौरव को दिल्ली पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। इस मामले में अब तक कुल 11 आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके थे। सीओ सिटी योगेंद्र कृष्ण नारायण ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि सोनू हत्याकांड में शामिल कुछ आरोपी सुसायत कला मोड़ पर मौजूद हैं और भागने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। इसी दौरान एक स्विफ्ट कार में कुछ युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने कार सवारों को रुकने का इशारा किया और घेराबंदी की। इस पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की।

मुठभेड़ में तीन बदमाशों के पैर में गोली लगी, जिससे वे घायल हो गए। एक अन्य आरोपी को पुलिस ने कॉम्बिंग के दौरान पकड़ लिया। घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने विवेक शर्मा उर्फ छोटू (निवासी खमानी गढ़ी, थाना सादाबाद), विशाल शर्मा (निवासी रामलीला ग्राउंड वाली गली, हाथरस), मौनिस कांत शर्मा (निवासी चित्रकूट बगीची, हाथरस) और मोनू कुशवाह (निवासी मोहल्ला मुकुंदपुर बिसावर, थाना सादाबाद) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से स्विफ्ट कार, तमंचे और कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

# डीसीएम की टक्कर से मोपेड सवार पति की मौत, पत्नी घायल


**फिरोजाबाद** एनएनआई। आगरा से फिरोजाबाद की ओर आ रहे एक मोपेड सवार दंपति को मंगलवार शाम पीछे से आ रहे डीसीएम ने टक्कर मार दी। इस हादसे में पति की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई।

यह घटना रामगढ़ थाना क्षेत्र के आगरा रोड स्थित अमीर होटल के सामने हुई। थाना रामगढ़, फिरोजाबाद के कश्मीरी गेट निवासी 50 वर्षीय सब्बीर अपनी पत्नी सुनहरा के साथ मोपेड पर सवार होकर शाम करीब पांच बजे आगरा से फिरोजाबाद लौट रहे थे। जैसे ही वे अमीर होटल के पास पहुंचे, पीछे से आ रहे डीसीएम चालक ने उनकी मोपेड में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सब्बीर डीसीएम के नीचे आ गए और उनकी जान चली गई। उनकी पत्नी सुनहरा गंभीर रूप से घायल हो गईं। दुर्घटना के बाद डीसीएम चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सब्बीर के शव को डीसीएम के नीचे से निकाला।

# मुठभेड़: लूट के दो आरोपी पैर में गोली लगने से घायल

एनएनआई

**मथुरा।** कोसीकलां क्षेत्र में बुधवार तड़के पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में लूटकांड के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए, जबकि फायरिंग के दौरान एक सिपाही के हाथ में चोट आई। मौके से पुलिस ने दो तमंचे, कारतूस, खोखे और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।




थाना कोसीकलां क्षेत्र में बुधवार सुबह सवा पांच बजे बजे न्यू कोसी-कामर रोड तिराहा से दहगांव जाने वाले मार्ग पर पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि 29 अप्रैल को हुई लूट की वारदात में शामिल आरोपित क्षेत्र में मौजूद हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया। खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। बदमाशों की ओर से करीब छह राउंड गोलियां चलाई गईं।

इस दौरान थाना कोसीकलां में तैनात कांस्टेबल राकेश के हाथ में चोट लग गई। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दोनों बदमाशों को दबोच लिया। मुठभेड़ में दुष्यंत के दाहिने पैर और सौरभ उर्फ सुरेंद्र के बाएं पैर में गोली लगी है। दोनों आरोपित हरियाणा के पलवल जिले के होडल के गड़िया मुहल्ले के रहने वाले है। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनके कब्जे से दो तमंचे, चार कारतूस और एक बाइक बरामद हुई है। कोसीकलां थाना प्रभारी कमलेश सिंह ने बताया कि आरोपितों के अन्य आपराधिक इतिहास की भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# सेंट्रल इंपावर्ड कमेटी की रिपोर्ट: ईको सेंसिटिव जोन में हुआ अवैध खनन

एनएनआई

**आगरा।** घड़ियाल, मगरमच्छ, डॉल्फिन और दुर्लभ प्रजाति के कछुओं का घर चंबल नदी में बालू के अवैध खनन से इनके जीवन पर संकट मंडरा रहा है। चंबल सेंक्चुअरी के एक किमी दायरे में बनाए गए ईको सेंसिटिव जोन में ऊंटों और ट्रैक्टर के जरिये अवैध खनन किया जा रहा है। बीते एक साल में उत्तर प्रदेश की सीमा में ऐसे 10 मामले पकड़े गए, जिनमें से 7 में ऊंटों के जरिये बालू खनन करके ले जाई जा रही थी तो तीन में ट्रैक्टर-ट्रॉली का उपयोग किया गया। पुलिस की ढिलाई के कारण इन 10 में से 7 मामलों में जांच जारी है, केवल तीन मामले ही कोर्ट तक पहुंच सके हैं।

सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई सेंट्रल इंपावर्ड कमेटी (सीईसी) की रिपोर्ट में तीनों राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य



प्रदेश और राजस्थान ने अवैध खनन के एक साल में दर्ज किए गए मामलों को स्वीकार किया है। इनमें उत्तर प्रदेश ने 10, राजस्थान ने 68 और मध्य प्रदेश ने 24 प्राथमिकी अवैध खनन और परिवहन में दर्ज की हैं।

उत्तर प्रदेश के वन विभाग के अफसरों ने सीईसी सदस्य सीपी गोयल के सामने अपनी सीमा में अवैध खनन से इन्कार किया था, लेकिन एक किमी. के ईको सेंसिटिव जोन में बीते साल अप्रैल से इस साल 31 मार्च तक 10 मामले रंगेहाथ पकड़े गए, जबकि कई मामलों में खनन माफिया पकड़ में नहीं आ पाए।

चंबल सेंक्चुअरी में अवैध खनन मामले में सुप्रीम कोर्ट के स्वतः संज्ञान के बाद दाखिल की गई सीईसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि तीनों राज्यों के समन्वय के लिए बनाई गई कमेटी फेल साबित हुई है। राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की स्थायी समिति ने राष्ट्रीय त्रि-राज्य चंबल अभयारण्य प्रबंधन एवं समन्वय समिति (एनटीआर आईआईएस-सीएएस एमएससी) का गठन किया था। यह कमेटी गंभीर रूप से विफल रही है। सीईसी ने कहा है कि मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश तीनों ही संयुक्त रूप से राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य का प्रबंधन और संचालन करते हैं। यह देखा गया है कि वन, खनन, पुलिस और राजस्व विभागों सहित नियामक प्राधिकरण अक्सर समन्वित और प्रभावी ढंग से कार्य करने में विफल रहे हैं, जिससे अवैध संचालकों को अधिकार क्षेत्र की कमियों का फायदा उठाने का अवसर मिला है।

# नाली निर्माण में लापरवाही से भड़क उठा जनाक्रोश

## कृष्णा ग्रीन कॉलोनी में रुकवाया विकास कार्य

एनएनआई

**आगरा।** यमुनापार के कालिंदी विहार स्थित कृष्णा ग्रीन कॉलोनी में बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी से परेशान निवासियों का गुस्सा सोमवार को खुलकर सामने आ गया। लंबे समय से नाली निर्माण न होने और जलभराव की समस्या से जूझ रहे लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए इलाके में चल रहे सड़क और नाली निर्माण कार्य को ठप करा दिया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम व आवास विकास अन्य इलाकों में विकास कार्य कर रहा है, जबकि उनकी कॉलोनी की लगातार उपेक्षा की जा रही है। निवासी गौरव के अनुसार, कॉलोनी में काफी समय से सड़क और नाली निर्माण की मांग उठाई जा रही है, लेकिन आश्वासन के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने बताया कि नई नालियों को पुरानी व्यवस्था से नहीं जोड़ा गया है, जिससे बारिश



और गंदे पानी का निकास नहीं हो पा रहा और जलभराव की समस्या बनी रहती है। इससे बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। प्रदर्शनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि वे नियमित रूप से गृहकर जमा कर रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें पानी, सीवर, सड़क और नाली जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। आक्रोशित लोगों ने नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए काम रुकवा दिया और चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे बड़ा शांतिपूर्ण आंदोलन करेंगे। कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नाली निर्माण और जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि उन्हें जलभराव और गंदगी की समस्या से राहत मिल सके।

# घर के बाहर खड़ी साइकिल ले गया चोर

**आगरा** एनएनआई। घर के बाहर खड़ी साईकल को चोर ले उड़ा, चोरी की घटना बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। पीड़ित ने थाने पर अज्ञात चोर के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है।

कालिंदी विहार ट्रांसयमुना थाना क्षेत्र के बी ब्लॉक, कृष्णा ग्रीन कॉलोनी निवासी निष्काम शर्मा पेशे से शिक्षक हैं। मंगलवार शाम 4 बजे उनके घर पर एक छात्र पढ़ाई से संबंधित जानकारी के लिए आया हुआ था। 6 बजे करीब जब छात्र अपने घर वापस जाने के लिए बाहर आया तो उसने अपनी साईकल को गायब पाया। काफी ढूढने के बाद भी जब उसका पता नही चला तो सीसीटीवी चेक किये गए। जिसमे एक अज्ञात व्यक्ति बेखौफ होकर शिक्षक के घर के बाहर खड़ी छात्र की साईकल ले जाता है कैद हुए। मामले में शिक्षक निष्काम शर्मा द्वारा थाने पर अज्ञात चोर के खिलाफ लिखित में प्रार्थना पत्र दिया गया है।



# जीआरपी ने पकड़े 6 चोर, 4.80 लाख का सामान किया बरामद

एनएनआई

**आगरा।** आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर जीआरपी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 6 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है जो स्टेशन और आसपास के क्षेत्रों में चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे।

गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी का काफी सामान बरामद किया है। इसमें एक पीली धातु की चेन, एक जोड़ी पीली धातु के कान के टॉप्स, एक सफेद धातु की पाजेब, घरेलू सामान के साथ एक देसी तमंचा भी शामिल है। पुलिस के मुताबिक बरामद किए गए सामान की कुल कीमत करीब 4 लाख 80 हजार रुपये आंकी गई है। जीआरपी अब आरोपियों से पूछताछ कर रही है, ताकि उनके अन्य साथियों और चोरी की अन्य घटनाओं के बारे में जानकारी जुटाई जा सके। फिलहाल पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यवहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# उत्पीड़न पर आर-पार का ऐलान

- सम्पूर्ण समस्या समाधान संगठन की बैठक में तहसील-थानों के उत्पीड़न पर संघर्ष की हुंकार

एनएनआई

**एत्मादपुर।** नवगठित संपूर्ण समस्या समाधान संगठन ने अपनी पहली बैठक में किसान-मजदूरों के मुद्दों पर आक्रामक रुख दिखाते हुए तहसील और थानों में किसानों के उत्पीड़न व शोषण के खिलाफ आर-पार के संघर्ष का ऐलान किया है। संगठन ने हाइवे पर लगातार हो रहे हादसों की रोकथाम के लिए ओवरब्रिज निर्माण और बिजली विभाग से जुड़ी समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग भी जोरदारी से उठाई है।

नगर के बरहन रोड स्थित एक मैरिज होम में हुई संगठन की पहली बैठक में प्रमुख किसान नेता जितेंद्र कुमार त्यागी (भीकनपुर) ने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूती से खड़ा करने और



उत्पीड़न और शोषण के खिलाफ एकजुट होकर आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसान, मजदूर और पीड़ितों को जोड़कर उनकी लड़ाई को लड़ा जाएगा। अधिवक्ता अवनीश कुमार ने कार्यकताओं से सक्रियता से काम करने को कहा। जेपी यादव ने भरोसा दिलाया कि संगठन किसानों की समस्याएं उठाएगा और उनके निराकरण तक संघर्ष करेगा। राजेश भैया ने संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। अध्यक्षीय भाषण में अशोक यादव जमाल नगर भैंस ने कहा कि तहसील और थानों में किसानों का उत्पीड़न अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन हर स्तर पर इसके विरोध में संघर्ष के लिए तैयार है। बैठक में भोला सिकरवार, सत्यपाल सिंह परमार, योगेश सिंह प्रधान, जमुना प्रसाद त्यागी, योगेंद्र प्रताप, योगेश सिंह धाकरे, आशीष शर्मा, जेके यादव फौजी, मोनू बघेल, सत्यम चौहान, शुभम यादव, सत्यदेव यादव, वीरेंद्र त्यागी, आकाश त्यागी, विकास त्यागी, रवि त्यागी, रिंकू यादव समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 20 मई को बंद रहेंगी दवाइयों की दुकानें

**मेडिकल स्टोर मालिकों ने किया हड़ताल का ऐलान**

**आगरा** एनएनआई। आगरा फार्मा एसोसिएशन 20 मई को प्रस्तावित हड़ताल में शामिल होगा। यह हड़ताल ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर की जा रही है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अनूप बंसल ने बताया कि हड़ताल ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाने, कॉरपोरेट कंपनियों के भारी डिस्काउंट को बंद और नकली दवाओं पर नियंत्रण की मांग को लेकर की जा रही है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से इन मुद्दों को उठाया जा रहा है लेकिन समाधान न होने के कारण अब आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अनुसार हड़ताल के दौरान शहर में दवा की दुकानें बंद रहेंगी।

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
आगरा
www.nnindianews.com
बुधवार, 06 मई, 2026


## बरहन रोड पर बिना अनुमति धरना-प्रदर्शन करने के केस में पांच नामजद, 25-30 अज्ञात शामिल

एनएनआई

**एत्मादपुर।** आम उपभोक्ताओं के घर लगाए गए स्मार्ट मीटरों को हटाने और हाइवे के बरहन तिराहे पर ओवरब्रिज के निर्माण की मांग को लेकर विदेशी तकनीक से निर्मित मॉडल सड़क एत्मादपुर-बरहन रोड पर धरना-प्रदर्शन करने वाले सिस्टम सुधार संगठन के अध्यक्ष समेत पांच नामजद और 25-30 अज्ञात प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बिना अनुमति निषेधाज्ञा का उल्लंघन कर रोड जाम करने के आरोप में पुलिस ने एफआईआर पंजीकृत की है।


04
शुक्रवार, 01 मई 2026
न्यूज नेक्स्ट इंडिया
आगरा समाचार
कब बनेगा ओवरब्रिज
मांग करते-करते तीन साल में चली गई 28 की जान

स्थानीय थाना में तैनात उपनिरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह की तहरीर पर सिस्टम सुधार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अंशुमान ठाकुर समेत पांच नामजद और 25-30 अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में पंजीकृत की गई एफआईआर के मुताबिक 30 अप्रैल को संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अंशुमान ठाकुर निवासी ग्राम भंवाइन ने संवाई गांव में योगेंद्र सिंह के मकान के बाहर पंचायत बुलाई थी। पुलिस का कहना है कि इस आयोजन के लिए कोई अनुमति नहीं ली गई। जबकि अपर पुलिस आयुक्त के आदेश पर 6 अप्रैल से 15 मई तक धारा-163 लागू है। इसके तहत पांच से अधिक लोगों का जमावड़ा प्रतिबंधित है। 29 अप्रैल को अंशुमान ठाकुर, योगेंद्र सिकरवार व पवन सिसौदिया के घरों पर धारा-168 के तहत नोटिस चस्पा कर कार्यक्रम न करने की चेतावनी भी दी गई थी।

इसके बावजूद 30 अप्रैल को करीब 100-125 लोगों की भीड़ जुटी, जिसमें 25-30 महिलाएं भी शामिल थीं।

पंचायत स्थल पर सहायक पुलिस आयुक्त देवेश कुमार सिंह ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन संगठन अध्यक्ष व अन्य प्रदर्शनकारी मांगों पर अड़े रहे। इसके बाद करीब 30-40 लोग 8 ट्रैक्टर, 4 कारें और डीजे साउंड सिस्टम वाली बोलेरो लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-19 की ओर बढ़े। पुलिस ने संवाई डीएफसी रेलवे अंडरपास के पास बैरिकेडिंग कर जुलूस को हाईवे तक पहुंचने से पहले रोक दिया।

आगे बढ़ने से रोके जाने पर प्रदर्शनकारी एत्मादपुर-बरहन रोड पर कारपेट बिछाकर धरने पर बैठ गए। ट्रैक्टर, डीजे ट्रॉली व अन्य वाहनों से उन्होंने सड़क जाम कर दी। इससे करीब 30 से 40 मिनट तक मार्ग अवरुद्ध रहा। आवागमन बाधित होने से राहगीरों व यात्रियों को जाम झेलना पड़ा। इस दौरान संगठन के कार्यकर्ता सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे।

बाद में अधिकारियों को ज्ञापन देकर चले गए। पुलिस ने अंशुमान ठाकुर, हुकुम सिंह चौहान, योगेंद्र सिंह, पवन सिसौदिया, एमएस ठाकुर उर्फ मोनू को नामजद करते हुए 25-30 अज्ञात लोगों पर गैरकानूनी जमावड़ा कर मार्ग बाधित करने, सरकारी आदेश का उल्लंघन करने की धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि आमजन को असुविधा पहुंचाना और निषेधाज्ञा तोड़ना कानूनन अपराध है।

## रहनकलां टोल पर प्रदर्शन करने वाले सपाइयों पर भी मुकदमा

**एत्मादपुर।** यमुना एक्सप्रेस-वे और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को आपस में जोड़ने वाले आगरा विकास प्राधिकरण के इनर रिंग रोड स्थित रहनकलां टोल प्लाजा पर बिना अनुमति प्रदर्शन करने वाले सपाइयों समेत 20 लोगों पर भी इलाका पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। छलेसर पुलिस चौकी प्रभारी कपिल कुमार की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर के अनुसार घटना दो मई की दोपहर करीब 3 बजे सपा महानगर उपाध्यक्ष मधुकर अरोरा, देवेन्द्र यादव, प्रदेश सचिव लाला गुर्जर, नितिन वर्मा, भरत सिंह और जिला महासचिव संतोष पाल दर्जनों समर्थकों के साथ टोल प्लाजा पर पहुंचे। ये लोग समाजवादी पार्टी के झंडे लहराते हुए क्षेत्रीय लोगों के वाहनों का टोल फ्री करने की मांग कर रहे थे। पुलिसकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों से अनुमतिपत्र मांगा, तो वे कोई भी वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके। पुलिस ने उन्हें समझाया कि क्षेत्र में धारा 163 बीएनएसएस लागू है, जिसके तहत चार से अधिक व्यक्तियों का गैरकानूनी तरीके से एकत्रित होना प्रतिबंधित है। इसके बावजूद आरोपियों ने नारेबाजी जारी रखी और सरकारी आदेशों का उल्लंघन किया।

## सर्वाइकल कैंसर का घातक बीमारियों में तीसरा स्थान




- सर्वाइकल कैंसर शिविर में सौ युवतियों का निःशुल्क हुआ टीकाकरण

एनएनआई

**आगरा।** महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वैकमेट फाउंडेशन द्वारा एक पहल बीआर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से निःशुल्क सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण शिविर का आयोजन दिल्ली गेट स्थित पुष्पांजलि हॉस्पिटल में किया गया। मुख्य अतिथि वेकमेट फाउंडेशन से प्रियंका अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर घातक बीमारियों में तीसरे स्थान पर आता है। टीकाकरण के माध्यम से इस बीमारी को देश से समाप्त करने में सहायता मिल सकती है। 9 से 26 वर्ष की आयु की लड़कियों के लिए यह वैक्सीन विशेष रूप से उपयोगी है, जो शरीर को इस संक्रमण से प्रभावी सुरक्षा प्रदान करती है। पुष्पांजलि हॉस्पिटल की वक्ता डॉ. दीक्षा शर्मा ने बताया कि यह कैंसर ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) के संक्रमण से होता है और इसकी शुरूआती अवस्था में कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते। प्रारंभिक जांच और समय पर टीकाकरण से इसका उपचार सरल और प्रभावी बन जाता है। महासचिव मनीष राय ने बताया कि शिविर में नगर निगम स्कूल और एक पहल पाठशाला की लगभग सौ छात्राओं का निःशुल्क टीकाकरण किया गया। साथ ही सर्वाइकल कैंसर के कारणों, लक्षणों और बचाव के उपायों पर जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया। संचालन मनीषा गैलानी ने किया। पुष्पांजलि हॉस्पिटल से पुनीत अग्रवाल जी का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर एकता वाजपेयी, अविकल मिश्रा, अंकित जैन, मानस राय, अंकित खण्डेलवाल, आश्लेष मित्तल, सुरभि आदि मौजूद रहे।

## यूपी फूड एक्सपो में फूड प्रोसेसिंग व खाद्य सुरक्षा पर होगी कार्यशाला

- विशेष सचिव रेखा एस. चौहान से मिला चैंबर ऑफ फूड प्रोसेसिंग व होटल एसोसिएशन, उद्यमियों ने रखी व्यावहारिक नियमों की मांग

एनएनआई



**आगरा।** चैंबर ऑफ फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज एसोसिएशन एवं होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को सर्किट हाउस आगरा में उत्तर प्रदेश सरकार की विशेष सचिव, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन रेखा एस. चौहान से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर चैंबर अध्यक्ष राजकुमार भगत, मुख्य सलाहकार मनीष कुमार अग्रवाल तथा होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश चौहान ने विशेष सचिव का आगरा आगमन पर स्वागत किया एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। पदाधिकारियों ने विशेष सचिव का ध्यान आगरा में फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र की असीम संभावनाओं की ओर आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा के मानकों को लेकर आगरा के व्यापारी एवं उद्यमी बेहद जागरूक हैं। चैंबर अध्यक्ष राजकुमार भगत ने अनुरोध किया कि खाद्य सुरक्षा के नए मानकों में यदि कोई परिवर्तन होता है तो जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा विभाग उद्यमियों के साथ समन्वय बैठक कर उसकी जानकारी अनिवार्य रूप से साझा करे। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा की मांगों को अधिक व्यावहारिक बनाने की आवश्यकता है। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश चौहान ने कहा कि ब्रज क्षेत्र अपने विशेष स्वाद और आतिथ्य के लिए जाना जाता है। आगरा एक बड़ा पर्यटक केंद्र है जहाँ बड़ी संख्या में होटल-रेस्टोरेंट हैं। विभाग द्वारा आकस्मिक कार्रवाई से संचालकों के साथ-साथ अतिथियों को भी असुविधा होती है। उन्होंने सुझाव दिया कि रूटीन जांच जारी रहे, परंतु यदि कोई सैंपलिंग ड्राइव चलाई जाए तो संगठन को पूर्व सूचना अवश्य दी जाए।

विशेष सचिव रेखा एस. चौहान ने सरकार की मंशा स्पष्ट करते हुए कहा कि खाद्य सुरक्षा मानकों की आड़ में किसी भी उद्यमी का विभागीय उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। परंतु व्यापारियों को भी खाद्य सुरक्षा के सभी मानकों को समझकर उनका पूर्णतः पालन करना होगा, क्योंकि खराब खाद्य पदार्थ सीधे जनस्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं।



# नवजात शिशुओं के लिए जीवनदाई साबित होगा मदर मिल्क बैंक: डॉ. शिखा सिंह

- गर्भाधान संस्कार एवं मेटरनिटी होम प्रताप नगर में उत्तर भारत के प्रथम 'मुंशी पन्ना मातृ-शिशु दुग्ध बैंक' का हुआ शुभारंभ एवं लोकार्पण
- नवजात शिशुओं की जीवन-रक्षा एवं मातृ-दूध के संरक्षण के लिए श्री चंद्रभान साबुन वाले सेवा ट्रस्ट ने की अनूठी सेवा पहल



एनएनआई

**आगरा।** नवजात शिशुओं की जीवन- रक्षा एवं मातृ-दूध के संरक्षण के लिए श्री चंद्रभान साबुन वाले सेवा ट्रस्ट द्वारा की गई अनूठी सेवा पहल के अंतर्गत मंगलवार को प्रताप नगर स्थित गभार्धान संस्कार एवं मेटरनिटी होम पर उत्तर भारत के प्रथम आधुनिक तकनीक युक्त 'मुंशी पन्ना मातृ-शिशु दुग्ध बैंक' का शुभारंभ एवं लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि एसएन मेडिकल कॉलेज की स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. शिखा सिंह ने इस सेवा प्रकल्प की सराहना करते हुए कहा कि यह मदर मिल्क बैंक नवजात शिशुओं के लिए जीवनदाई साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस बैंक द्वारा अस्पताल में जरूरतमंद शिशुओं को माँ के दूध की आपूर्ति हो सकेगी। साथ ही, जिन शिशुओं की माँ की मृत्यु हो जाती है, उनके लिए भी दूध उपलब्ध हो सकेगा।

विशिष्ट अतिथि लेडी लॉयल हॉस्पिटल की अधीक्षक डॉ. पुष्प लता ने कहा कि यह उत्तर भारत में अपनी तरह की एक महत्वपूर्ण और जनहितकारी पहल है। माँ का दूध अमृत के समान है। नवजात शिशुओं को समय पर माँ का सुरक्षित एवं पोषक दूध मिलने पर कुपोषण से बचाव होगा और शिशु मृत्यु दर में भी कमी आएगी। नवजात शिशुओं का स्वास्थ्य- संरक्षण होगा। विशिष्ट अतिथि एसएन मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज कुमार कहा कि माँ का दूध हर नवजात का अधिकार है। यह स्वस्थ भविष्य का आधार है।

श्री चंद्रभान साबुन वाले सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल ने कहा कि यह तकनीकी रूप से उन्नत व्यवस्था विशेष रूप से उन नवजात शिशुओं के लिए जीवनदाई साबित होगी जो समय से पहले जन्मे हैं या जिनकी माताएँ किसी कारणवश स्तनपान कराने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी माताओं से अनुरोध करते हैं कि वे इस मानवीय पहल में सहयोग करें और जरूरतमंद शिशुओं के जीवन को सुरक्षित बनाने में अपना योगदान दें।

समारोह में डिप्टी सीएमओ डॉ. पीयूष जैन, डॉ. सुधा बंसल, डॉ. आरके मिश्रा, कांता माहेश्वरी, रश्मि मगन भी मंच पर रहीं। श्री चंद्रभान साबुन वाले सेवा ट्रस्ट के महामंत्री मनोज अग्रवाल, राजीव जैन, अंकुर अग्रवाल, सचिन गोयल, राजकुमार गर्ग, राकेश गर्ग और नरेंद्र अग्रवाल ने व्यवस्थाएँ संभाली। रमेश चंद्र अग्रवाल ने संचालन किया।

इस दौरान गौतम सेठ, महावीर मंगल, मुनेन्द्र जादौन, निधि अग्रवाल, डॉ. विनोद माहेश्वरी, छीतरमल गर्ग, अखिलेश अग्रवाल और विजय कागज वाले सहित तमाम समाजसेवी और शहर के महानुभाव मौजूद रहे।

# प्राचीन श्री संकट हनुमान मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

- मंदिर को रंग-बिरंगे पुष्पों एवं आकर्षक विद्युत सज्जा से भव्य रूप से सजाया गया

एनएनआई



**आगरा।** पावन ज्येष्ठ माह के प्रथम बड़वा मंगल के अवसर पर माल रोड स्थित प्राचीन दक्षिणमुखी संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर में आस्था, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला, सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें बाबा के दर्शन एवं आशीर्वाद के लिए मंदिर परिसर में उमड़ती रहीं,

मंदिर को रंग-बिरंगे पुष्पों एवं आकर्षक विद्युत सज्जा से भव्य रूप से सजाया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा, विशेष पूजन-अर्चन, दिव्य श्रृंगार एवं मंगल आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर श्री हनुमान जी महाराज के चरणों में माथा टेक परिवार की सुख-समृद्धि एवं मंगलकामना की प्रार्थना की,

इस अवसर पर शर्मा परिवार द्वारा सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे की सेवा श्रद्धा भाव के साथ आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया, वहीं भजन गायक ब्रज के रसिया बलवीर सिंह बलों ने अपनी मधुर एवं भक्तिमयी प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालु देर तक भक्ति रस में डूबे रहे,जय हनुमान ज्ञान गुन सागर सहित बाबा के एक से बढ़कर एक सुंदर भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा मंदिर परिसर जयकारों से गूंजता रहा,

मंदिर के महंत योगेश भारद्वाज (छोटे गुरु जी) ने अपने आशीर्वचन में कहा कि बड़वा मंगल का पर्व सेवा, श्रद्धा, समर्पण और मानवता का संदेश देता है, उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को भगवान श्री हनुमान जी की कृपा प्राप्त होने की कामना करते हुए समाज में प्रेम, सद्भाव एवं धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। महंत योगेश भारद्वाज,एन के शर्मा, समाजसेवी श्याम भोजवानी, माधव भारद्वाज,गोपाल शुक्ला, अमित कपूर, मनोज गुप्ता, पंकज कुमार, टीकम सिंह,रचित वाधवा,अजय कुमार सिसौधिया , रामनिवास गुप्ता,दीपक, अरुन, सत्तो,भारत, संजय कोहली आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# राम नाम आधार जिन्हें, वह जल में राह बनाते हैं..



- जनक सुता के श्रीराम' स्मारिका का हुआ विमोचन, जनकपुरी महोत्सव कमला नगर की यादें हुई ताजा

एनएनआई

**आगरा।** उत्तर भारत के सबसे बड़े रामलीला महोत्सव के अंतर्गत विगत वर्ष कमला नगर में संपन्न हुए ऐतिहासिक एवं भव्य जनकपुरी महोत्सव की स्मारिका 'जनक सुता के श्री राम' का विमोचन मंगलवार शाम कमला नगर स्थित टेंपटेशन रेस्टोरेंट में किया गया। स्मारिका ने जनकपुरी महोत्सव की स्मृतियों को जीवंत कर दिया। समारोह के मुख्य अतिथि और श्री जनकपुरी महोत्सव समिति कमला नगर के मुख्य संरक्षक राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने अवसर पर कहा कि प्रभु श्री राम, माता जानकी और राम भक्त हनुमान जैसे अलौकिक चरित्र हमें जीवन में परस्पर प्रेम, सद्भाव, साहस, भक्ति, करुणा, त्याग और मानवता की सेवा में जीवन समर्पित करने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। इस स्मारिका में संग्रहीत आलेखों से मिथिलावासियों को जिंदगी सार्थक करने के अद्भुत सूत्र मिलेंगे।

जनकपुरी महोत्सव समिति के अध्यक्ष मुरारी प्रसाद अग्रवाल (एकता बिल्डर) ने कहा कि श्री राम के जीवन से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके जीवन का प्रत्येक पक्ष अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि राम नाम आधार जिन्हें, वह जल में राह बनाते हैं। जिन पर कृपा राम करें, वह पत्थर भी तिर जाते हैं।

इस दौरान श्री जनकपुरी महोत्सव समिति कमला नगर-2025 के मुख्य संरक्षक व राज्यसभा सांसद नवीन जैन, राजा जनक राजेश अग्रवाल (रसोई रत्न), अध्यक्ष मुरारी प्रसाद अग्रवाल (एकता बिल्डर्स), स्वागताध्यक्ष डीडी सिंघल, संयोजक पार्षद पंकज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रामरतन मित्तल, सह कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल बैंक वाले, राकेश मंगल, रामगोपाल गोयल, राम प्रकाश अग्रवाल ज्वेलर्स, रानी सुनयना अंजू अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, मंजू मंगल, सलिल कुमार गोयल, जीवनलाल मित्तल मंच पर रहे। अध्यक्ष मुरारी प्रसाद अग्रवाल ने संचालन किया। जितेंद्र तिवारी, नीरज अग्रवाल, अनिल अग्रवाल एडवोकेट, रंगेश त्यागी, गौरव चौहान, हरिश्चंद्र शर्मा गुड्डू भाई, मनीष बंसल, पवन अग्रवाल, वरुण जैन, केके अग्रवाल, वीपी शाक्य, पीयूष अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, नंदी महाजन, राकेश मित्तल, महेश अग्रवाल, सुशील गुप्ता, वंश अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, मुकुंद अग्रवाल, चारु अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, शीतल सिंह, रिचा मांगलिक, साधना वर्मा, शिखा अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, सोनिया शर्मा भी प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।



# मोतीगंज गल्ला मंडी को आदर्श मंडी बनाने की मांग

एनएनआई



**आगरा।** मोतीगंज खाद्य व्यापार समिति द्वारा मोतीगंज गल्ला मंडी के समग्र विकास और उसे आदर्श मंडी का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम को ज्ञापन सौंपा गया। व्यापारियों ने मंडी की वर्तमान समस्याओं को गंभीर बताते हुए शीघ्र समाधान की मांग उठाई।

नगर निगम कार्यकारिणी के 14वें अधिवेशन में प्रस्ताव संख्या-06 सर्वसम्मति से पारित किया जा चुका है, जिसमें मोतीगंज गल्ला मंडी का नाम बदलकर "आदर्श मोतीगंज गल्ला खाद्य मंडी" करने और उसे विकसित करने का निर्णय लिया गया था। इसके तहत सड़क, नाली और प्रकाश व्यवस्था जैसे कार्य भी कराए गए थे। समिति के अध्यक्ष महावीर प्रसाद मंगल और महामंत्री शैलेन्द्र अग्रवाल (शालू) ने बताया कि मंडी ऐतिहासिक और प्रमुख व्यापारिक केंद्र है, जहां शहर और आसपास के जिलों से हजारों व्यापारी प्रतिदिन आते हैं। बावजूद इसके यहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है।

मुख्य समस्याएं जो उठाई गईं

ज्ञापन में व्यापारियों ने प्रमुख समस्याओं को रेखांकित करते हुए कहा कि–

मंडी में पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है।

सड़कों, नालियों और खड़ंजों की स्थिति अत्यंत खराब है, जिनका निर्माण एवं मरम्मत आवश्यक है।

वर्तमान स्ट्रीट लाइट व्यवस्था अपर्याप्त है, जबकि रात में माल लोडिंग-अनलोडिंग होती है।

साफ-सफाई का कार्य नियमित और बड़े स्तर पर नहीं हो रहा है।

महापौर के निर्देश भी अभी तक अधूरे

व्यापारियों ने बताया कि महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह द्वारा दो वर्ष पूर्व मंडी को आदर्श मंडी बनाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन उन पर अभी तक पूर्ण रूप से अमल नहीं हो पाया है।

**प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराने की मांग**

समिति ने नगर निगम प्रशासन से अनुरोध किया कि मोतीगंज मंडी के विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाए, जिससे इसे वास्तविक रूप से आदर्श मंडी का स्वरूप दिया जा सके।

ज्ञापन सौंपने के दौरान के सदस्य श्रीनाथ बंसल, कृष्ण कुमार मित्तल, मयंक मंगल, अखिलेश गोयल, पवन गोयल आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।



# स्मार्ट मीटर पर सरकार के निर्णय को सराहा

एनएनआई

**आगरा।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की तत्कालीन आवश्यक बैठक शमसाबाद रोड गुतिला पर आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष दीपक तोमर ने कहा कि काफी लम्बे समय से पूरे उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे थे। जिससे किसानों एवं उपभोक्ताओं में काफी आक्रोश था। जिसके चलते प्रदेश के कई जिलों में जगह जगह विरोध हो रहा था। तमाम जगहों पर स्मार्ट न लगाए जाने के साथ जहां जहां स्मार्ट मीटर लग चुके थे वहां से भी स्मार्ट मीटर उखाड़े जा रहे थे जिसके चलते उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्मार्ट मीटर के हो रहे विरोध का संज्ञान लेते विद्युत विभाग के साथ बैठक कर स्मार्ट मीटर से आ रही समस्याओं को लेकर जांच कमेटी गठित थी।

किसानों एवं मजदूरों के हितों का ध्यान रखते हुए सरकार ने स्मार्ट मीटर प्रक्रिया को खत्म करने के साथ पुरानी विद्युत व्यवस्था बहाल करने के निर्णय लिया है। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने सरकार का आभार जताया है। बैठक में रामनिवास रघुवंशी,सोमवीर यादव,हरेंद्र सिंह, हाकिम तोमर, मुकेश पाठक, घनश्याम तोमर, सुनील तोमर,रूपेंद्र कुमार, योगेश सिंह,सनी सिंह उपस्थित रहे।

# सुप्रीम कोर्ट के समाधान समारोह की शुरूआत, अगस्त में विशेष लोक अदालत

एनएनआई



**आगरा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशानिर्देश पर जनपद न्यायाधीश संजय कुमार मलिक ने बताया कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह आयोजन आरंभ किया गया है, जिसकी प्रणति 21, 22 तथा 23 अगस्त 2026 को विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ होगी। सर्वोच्च न्यायालय परिसर में 21, 22 तथा 23 अगस्त, 2026 को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामले शामिल किए जाएंगे। विशेष लोक अदालत से पूर्व बैठकों का आयोजन राज्य/ जिला /तालुका /उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरण/ समिति, स्थित मध्यस्थता केंद्र में किया जाएगी। इस समाधान समारोह में विशेष लोक अदालत के आयोजन का लक्ष्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का सुलाह एवं आपसी सहमति से निष्पादन करना है।

# सेंट एंड्रूज स्कूल में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम पर की चर्चा

एनएनआई



**आगरा।** सेंट एंड्रूज पब्लिक स्कूल , कर्मयोगी कमला नगर में बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम / मानसिक स्वास्थ्य एवं टैलीमानस संबंधी जागरूकता बढ़ाये जाने के उद्देश्य से एक सेमिनार का आयोजन किया गया।

सर्वाइकल कैंसर विभाग की डॉ. सुनीता भागिया (स्त्री रोग विशेषज्ञ ), डॉ. अजय कुमार त्यागी, डॉ. ज्योति कुमारी, डॉ. ममता यादव, मानसिक स्वास्थ्य विभाग टैलीमानस काउंसलर श्रीमती पूर्णिमा, श्री सयूज कुमार, राखी त्यागी, विद्यालय के सी.एम.डी. डॉ. गिरधर शर्मा, प्राचार्या अंशु सिंह ,उप प्राचार्य अभिषेक क्रिस्टी सहित माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन कर किया गया ।

डॉ. सुनीता भागिया ने बताया कि विश्व में हर वर्ष सवा लाख सर्वाइकल कैंसर की पुष्टि होती है, इसमें से 75000 की मृत्यु भारत में दर्ज की गई है। उन्होंने सर्वाइकल कैंसर के लक्षण तथा कारणों के बारे में भी सभी बालिकाओं को सचेत किया। डॉ. ज्योति कुमारी ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर क्या होता है, उन्होने बालिकाओं को जागरूक करने के लिए बताया कि किसी भी तरह का लक्षण दिखाई दे तो उससे डरना नहीं चाहिए तुरंत उन्हें स्त्री रोग विशेषज्ञ से मिलना चाहिए। डॉ. अजय त्यागी ने कहा लोगों को धूम्रपान और शराब के सेवन से बचना चाहिए और अपनी प्रतिरोधक क्षमता को दुरुस्त रखना चाहिए।

डॉ ममता यादव ने भी बताया कि हमें शरीर के साथ-साथ अपने मन को भी स्वस्थ रखना भी आवश्यक हैं क्योंकि मन तथा तन दोनों का एक दूसरे से सीधा संबंध होता है। श्रीमती पूर्णिमा ने बताया कि देश में एक हेल्पलाइन नंबर 14416 चालू किया गया है जिसके अंतर्गत अगर आप कभी भी कॉल करते हैं तो आप वहां उपस्थित काउंसलर से अपनी मानसिक समस्या का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। संचालन विद्यालय के शिक्षक आदित्य अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आलोक वैष्णव, अंजना गुप्ता, विक्की कथूरिया, अपर्णा शुक्ला, एसपी तिवारी आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए हाथों की स्वच्छता जरूरी

एनएनआई



**आगरा।** विश्व हाथ स्वच्छता दिवस पर प्राथमिक विद्यालय सिकंदरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को हाथों की स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया व केनव्यू के सहयोग से डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में 66 स्कूली बच्चों और शिक्षकों ने भाग लिया। इस मौके पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।

इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. उपेंद्र यादव ने कहा कि डायरिया समेत कई संक्रामक बीमारियों से बचाव का सबसे सरल और कारगर तरीका हाथों को साबुन-पानी से कम से कम 20 सेकंड तक सही तरीके से धोना है। दिनभर में हम हाथों से कई तरह के जरूरी काम करते हैं और उस दौरान कई लोगों, सतहों और वस्तुओं के सीधे संपर्क में आते हैं। इससे गंदगी, रोगाणु, कीटाणु और बैक्टीरिया की गिरफ्त में आने की पूरी सम्भावना रहती है।

इस मौके पर डॉ. अंकुर और डॉ. जया वर्मा ने हाथों को सही तरीके से धोने के लिए अपनाये जाने वाले छह चरणों को आसान तरीके से समझाया।

इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रतिभा पाल व अन्य शिक्षकों के साथ स्टाफ नर्स रेनू गोयल, शिक्षा विभाग से राकेश चौधरी, आशा कार्यकर्ता अनीता, पीएसआई इंडिया से पंकज कुमार, आरती और सोनल आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने शहीद फौजी के परिजनों की भूमि विवाद संबंधी शिकायत पर लिया संज्ञान



**आगरा** एनएनआई। किरावली तहसील ग्राम पनवारी निवासी शहीद फौजी के परिजनों द्वारा कलक्ट्रेट में जिलाधिकारी से खेत की पैमाइश पुलिस की मौजूदगी में कराए जाने की मांग की थी। जिलाधिकारी महोदय ने परिजनों से उनकी समस्या व भूमि विवाद प्रकरण की विस्तार से जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने तत्काल भूमि विवाद प्रकरण में संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में टीम गठित करने के निर्देश दिए तथा मौके पर जाकर प्रकरण की गंभीरता से जांच कर पुलिस की मौजूदगी में पैमाइश कराए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा, मौके पर दोनों पक्षों की सुनवाई व प्रभावी कार्यवाही कर प्रकरण निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं।



# अपर आयुक्त ने किया गेहूं खरीद केंद्रों का निरीक्षण

एनएनआई



**फतेहपुर सीकरी।** अपर आयुक्त खाद्य एवं औषधि विभाग व गेहूं खरीद की नोडल अधिकारी श्रीमती रेखा एस चौहान (आईएएस) ने मंगलवार को नवीन मंडी स्थल अछनेरा, फतेहपुर सीकरी एवं दूरा में संचालित गेहूं खरीद केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

नोडल अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप ही गेहूं की खरीद सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गेहूं बेचने के लिए पंजीकृत किसानों का सत्यापन करने के बाद शत-प्रतिशत किसानों से खरीद की जाए, ताकि किसी भी पात्र किसान को परेशानी न हो। साथ ही केंद्रों पर पारदर्शिता बनाए रखने और समयबद्ध खरीद प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान कृषि उत्पादन मंडी समिति के सचिव संजय पचहेरा, मंडी निरीक्षक दिलीप सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों को केंद्रों पर साफ-सफाई, तौल व्यवस्था और किसानों को सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देने के लिए भी कहा गया।

## टिकट चेकिंग में टीटीई विपिन कुमार यादव का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**आगरा एनएनआई।** आगरा मंडल के मथुरा जंक्शन पर कार्यरत चल टिकट निरीक्षक श्री विपिन कुमार यादव द्वारा को अपनी ड्यूटी के दौरान उत्कृष्ट कार्य का प्रदर्शन किया गया।

उन्होंने पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ टिकट जांच अभियान चलाते हुए एक ही दिन में 76 बिना टिकट/अनियमित रूप से यात्रा कर रहे यात्रियों को प्रभारित किया। इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप कुल 58,470/- का रेल राजस्व अर्जित किया गया, जो उनकी कर्तव्यनिष्ठा, सतर्कता एवं कार्य के प्रति समर्पण को दर्शाता है।

उक्त उपलब्धि न केवल कर्मचारी की व्यक्तिगत मेहनत का परिणाम है, बल्कि सीटीआई प्रभारी श्री नागेन्द्र तिवारी द्वारा अपने अधीनस्थ स्टाफ को रेल आय अर्जन हेतु दिए गए प्रभावी मार्गदर्शन एवं काउंसिलिंग का भी प्रतिफल है।

रेल प्रशासन द्वारा इस उत्कृष्ट कार्य के लिए संबंधित कर्मचारी एवं टीम की सराहना की गई है





# बल्केश्वर में हुई श्री अग्रसेन महाआरती

एनएनआई

**आगरा।** बल्केश्वर स्थित अग्रसेन माधवी पार्क में महाराजा अग्रसेन महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वसमाज के लोगो ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस मौके पर लक्की ड्रॉ विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर गणमान्य लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।

गौरतलब है कि अग्रसेन महाराज द्वारा एक ईंट एक रुपया का संदेश लोगो के बीच पहुंचाया था। इसी संदेश को आगे आज भी अग्रवाल समाज के द्वारा पहुंचाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को बल्केश्वर आईटीआई कॉलेज के पास बने अग्रसेन माधवी पार्क में महाराजा अग्रसेन की महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के साथ ही अन्य समाज के लोगों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम की व्यवस्था संभाल रहे संजय अग्रवाल ने बताया कि महाराजा अग्रसेन के कदमों पर चलते हुए वह लोगो को जोड़ने का काम कर रहे है साथ ही गरीब और असहाय की मदद करने का काम भी अग्रवाल समाज के द्वारा समय समय पर किया जाता है। कार्यक्रम में आए अन्य गणमान्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किया। वही कार्यक्रम के अंत में दो लक्की ड्रॉ निकाले गए और दो विजेताओं को पुरस्कार दिया गया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विवेक अग्रवाल ने दी।

## धौलपुर जंक्शन स्टेशन पर निशुल्क जल सेवा का आयोजन



**आगरा एनएनआई।** धौलपुर जंक्शन स्टेशन पर राधे-राधे संस्था द्वारा नि:शुल्क जल सेवा का आयोजन किया गया।

गर्मी के मौसम में यात्रियों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित इस सेवा के अंतर्गत धौलपुर जंक्शन स्टेशन से गुजरने वाली विभिन्न ट्रेनों के यात्रियों को शीतल एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। इस पहल से यात्रियों को अत्यधिक सुविधा एवं राहत प्राप्त हुई है।

इस अवसर पर संस्था के सदस्यों के साथ मंडल वाणिज्य निरीक्षक धौलपुर श्री मगन मीना, स्टेशन अधीक्षक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने यात्रियों की सुविधा हेतु इस प्रकार की जनहितकारी पहल की सराहना की।

आगरा मंडल द्वारा यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं तथा भविष्य में भी इस प्रकार के जनकल्याणकारी कार्य जारी रहेंगे।

## पड़ोसी महिलाओं पर मारपीट का आरोप

**पिनाहट एनएनआई।** पड़ोसी महिलाओं ने एकजुट होकर महिला के साथ बुरी तरह मारपीट कर दी। जिसकी शिकायत थाने में की गयी है। सुमन निवासी बाखर नगला भरी ने मंगलवार को थाना बसई अरेला में तहरीर दी कि 11 अप्रैल दोपहर करीब डेढ़ बजे मैं अपने घर में अकेली बैठी थी। मेरे पति दिल्ली में हलवाई का काम करते हैं। तभी पड़ोस की चार महिलाएं एकजुट होकर आ गयी। और गंदी गंदी गालियां देते हुए। सभी ने मिलकर मेरे साथ मारपीट की थी। बच्चों की आवाज का शोर शराबा सुनकर आए ग्रामीणों ने मुझे बचाया था। जिससे घायल होने के कारण में उपचार कर रही थी। इसलिए तहरीर देने में देरी हुई है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# विकास कार्यों पर मंथन, प्रस्तावों के साथ बनी कार्ययोजना

एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। ब्लॉक प्रमुख मंजू गुड्डू चाहर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधियों से विकास कार्यों के प्रस्ताव लिए गए और आगामी योजनाओं की रूपरेखा तय की गई।

बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधानों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं और आवश्यकताएं रखीं। विकासखंड क्षेत्र में सड़कों, नालियों, पेयजल, आवास और रोजगार से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से मंथन हुआ।

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गुड्डू चाहर ने अधिकारियों से कहा कि मनरेगा के लंबित भुगतानों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटाया जाए, ताकि मजदूरों को समय पर उनका हक मिल सके। साथ ही उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जाए।

बैठक में खंड विकास अधिकारी जीडी शुक्ला, एडीओ पंचायत हरनारायण चौधरी, एडीओ आईएसबी गिरीश अग्रवाल, मनीष चौधरी, दीपक बाबू वर्मा ,ग्राम प्रधान बंटी सिसोदिया, गुलाब सिंह, राजेंद्र सिंह, शिशु प्रधान, रूप सिंह, अनिल कहरवार, जगदीश सिंह, ध्रुव सिंह जादौन, डब्बू सोलंकी, नरोत्तम शर्मा, राजेश कुशवाहा समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

बैठक के उपरांत पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा को मिली प्रचंड जीत की खुशी में मिष्ठान वितरण किया गया, जहां कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

## उधार देने से मना करने पर युवक पर हमला

**आगरा एनएनआई।** पिनाहट थाना बसई अरेला क्षेत्र के गांव छतोली पुरा में उधार सामान देने से मना करने पर एक युवक पर हमला किया गया। सोमवार देर रात हुई इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पिनाहट में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, छतोली पुरा निवासी विजय किशोर पुत्र भरत सिंह सोमवार देर रात करीब 10 बजे अपनी परचून की दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान पड़ोस का एक युवक दुकान पर उधार सामान लेने पहुंचा। विजय किशोर ने उसे उधार सामान देने से मना कर दिया, यह कहते हुए कि उनके पिता ने उधार न देने का निर्देश दिया है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर उस युवक ने गुस्से में आकर विजय किशोर के सिर पर डंडे से वार कर दिया।

## संपादकीय


# विजय की महाविजय से बदला दक्षिण का मिजाज



तमिलनाडु में 59 साल बाद ऐसा हुआ है, जब वहां द्रविड़ मुनेत्र कड़गम या अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के अलावा कोई पार्टी कोई सत्ता की दावेदार बनी है। 1967 में पहली बार डीएमके सत्ता में आई। 1972 में एमजी रामचंद्रन ने इससे अलग होकर एडीएमके का गठन किया। 1967 से 2021 तक डीएमके ने सात बार और एडीएमके ने पांच बार सरकार बनाई। मगर 2026 में ये सिलसिला टूटने जा रहा है। चंद्रशेखर जोसेफ विजय पहले ही दांव में अपनी पार्टी टीवीके- तमिल वेट्री कड़गम (तमिल विजय संघ) को सबसे बड़ा दल बनवाने में सफल रहे हैं।दक्षिण भारत में फिल्मी सितारों का जलवा कम हो गया था। वे राजनीति में आते तो थे पर कामयाब नहीं हो पाते थे। तमिलनाडु में कैप्टेन विजयकांत ने 2005 में डीएमडीके पार्टी बनाई और चुनाव में उतरे लेकिन कुछ नहीं कर पाए। कमल हसन ने पार्टी बनाई लेकिन कोई चमत्कार नहीं दिखा सके। रजनीकांत ने भी पहल की लेकिन वे पीछे हट गए। आंध्र प्रदेश में चिरंजीवी ने पार्टी बनाई लेकिन बुरी तरह से पिट गए। केरल में सुरेश गोपी भी पार्टी बना कर उतरे लेकिन कामयाबी नहीं मिली। तभी ऐसा लग रहा था कि एमजी रामचंद्रन या जयललिता या एनटी रामाराव जैसा अब कोई नहीं निकलेगा, जो पार्टी बनाए और जनता उसे सीधे मुख्यमंत्री बना दे।फिल्म स्टार विजय ने इस ट्रेंड को बदला है। उन्होंने दो साल पहले पार्टी बनाई थी और 2024 में पार्टी बनाते हुए ऐलान किया था कि वे 2026 का चुनाव लड़ेंगे। उसके बाद उनकी पहली राजनीतिक रैली में करूर में भगदड़ मच गई, जिसमें कई लोग मर गए। उसके बाद सीबीआई ने उनसे कई बार पूछताछ की। उनकी एक सीमा यह थी कि उनके पास कोई संगठन नहीं था और दूसरे वे ईसाई समुदाय से आते हैं। अन्ना डीएमके और भाजपा से तालमेल की बात भी चल रही थी लेकिन वह कामयाब नहीं हो सकी। उनकी पार्टी की ओर से कहा गया कि चुनाव लड़ने लायक अच्छे उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं। लेकिन उन्होंने अकेले चुनाव लड़ा और दोनों द्रविडियन पार्टि?ों यानी डीएमके और अन्ना डीएमके को हरा दिया। उनकी पार्टी अकेले बहुमत के नजदीक पहुंच गई है। तभी ऐसा लग रहा है कि इसके बाद एक बार फिर दक्षिण के राज्यों में फिल्मी सितारों का आत्मविश्वास लौटेगा। फिल्म अभिनेता के रूप में सफल करियर के बाद राजनीति में आए 51 वर्षीय विजय ने 2024 में टीवीके का गठन किया। वे खुद को ईवी रामास्वामी नायकर पेरियार की विरासत से जोड़ते हैं और भारतीय संविधान को अपनी आस्था का दस्तावेज मानते हैं। इस रूप कहा जा सकता है कि तमिलनाडु ने सिर्फ चेहरा बदला है, राजनीतिक विचारधारा नहीं। जयललिता की मृत्यु के बाद एडीएमके के पास वैसे भी कोई लोकलुभावन चेहरा नहीं बचा है। इसके बावजूद इस चुनाव में पार्टी ने बेहतर प्रदर्शन किया है, तो यह संभवतः राज्य में मौजूद एंटी इन्कबेंसी (डीएमके सरकार से असंतोष) का परिणाम है। लंबे समय से परिवारवाद और भ्रष्टाचार के आरोपों के दाग डीएमके की छवि पर रहे हैं।

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गुजरे पांच साल में अपनी राजनीति को हिंदुत्व और हिंदी विरोध पर केंद्रित रखा। मगर जन आंकाक्षाओं के मोर्चे पर वे खरे नहीं उतरे। इससे विजय के उदय की पृष्ठभूमि बनी। बड़ी संख्या में मतदाताओं ने नए चेहरे पर दांव लगाने का मन बनाया। वैसे नीति या कार्यक्रम के मामले में विजय ने भी कुछ नया पेश नहीं किया है। उनका चुनाव घोषणापत्र भी प्रत्यक्ष नकदी हस्तांतरण, दुल्हनों को आठ ग्राम सोना जड़ित सिल्क साड़ी देने, 200 यूनिट फ्री बिजली, किसानों की पांच लाख रुपये तक की कर्ज माफी और तमिलनाडु को 2023 तक 1.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने जैसे वादों से भरा-पड़ा है। यानी तमिलनाडु में नए चेहरे की सदारत में भी लोकलुभावन- यानी वोट खरीदी- की पुरानी सियासत जारी रहेगी।

धूम्रपान सीधे दिल की कार्यप्रणाली को प्रभावित करता है। सिगरेट में मौजूद निकोटिन हार्ट रेट को बढ़ाता है और ब्लड प्रेशर को ऊंचा करता है। इससे हार्ट अटैक होने का खतरा भी बढ़ जाता है।



# दिल की सेहत के लिए सबसे बड़ी दुश्मन है धूम्रपान की आदत

दिल की बीमारियां वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनी हुई हैं। हार्ट अटैक-हार्ट फेलियर और कार्डियक अरेस्ट जैसी समस्याओं के कारण हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, कार्डियोवैस्कुलर डिजीज दुनियाभर में होने वाली मौतों का एक बड़ा कारण हैं। खराब लाइफस्टाइल, खान-पान में गड़बड़ी के अलावा हमारी कुछ आदतें भी दिल की सेहत को सबसे ज्यादा खतरा पहुंचा रही हैं।

तमाम अध्ययनों के आधार पर स्वास्थ्य विशेषज्ञ धूम्रपान यानी बीड़ी-सिगरेट पीने की आदत को दिल की सेहत का सबसे बड़ा दुश्मन बताते हैं। धूम्रपान को आमतौर पर फेफड़ों की बीमारियों को बढ़ाने वाला माना जाता रहा है, हालांकि ये आपके दिल की सेहत के लिए भी बहुत खतरनाक है।

मेडिकल रिपोर्ट्स में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चिंता जताई है कि जिस तरह से युवाओं में धूम्रपान की बढ़ती आदत देखी जा रही है, ये काफी चिंताजनक है और स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव बढ़ाने वाली हो सकती है।

धूमपान की हर कश फेफड़ों के साथ दिल और रक्त वाहिकाओं को धीरे-धीरे डैमेज करती जाती है।

धूम्रपान के कारण शरीर में हजारों खतरनाक केमिकल्स जैसे निकोटिन, कार्बन मोनोऑक्साइड पहुंचते हैं जो शरीर के पूरे सिस्टम को गंभीर क्षति पहुंचाने वाले हो सकते हैं।

यही कारण है कि स्मोकिंग करने वालों में हार्ट अटैक, स्ट्रोक और हाई ब्लड प्रेशर का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

## नहीं किया सुधार तो हार्ट दे देगा जवाब



धूम्रपान सीधे हृदय की कार्यप्रणाली को प्रभावित करता है।

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार सिगरेट में मौजूद निकोटिन हार्ट रेट को बढ़ा देता है जिससे हाई ब्लड प्रेशर का खतरा हो सकता है।

निकोटिन शरीर में एड्रेनालिन हार्मोन रिलीज करता है, जो दिल पर अतिरिक्त दबाव बढ़ाता है।

इसके अलावा, सिगरेट का धुआं खून में ऑक्सीजन की मात्रा कम कर देता है क्योंकि कार्बन मोनोऑक्साइड हीमोग्लोबिन से जुड़ जाती है।

इससे दिल को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलती और हृदय की कोशिकाओं के डमैज होने का जोखिम बढ़ जाता है।

धूम्रपान करने से खून भी गाढ़ा होता है, जिससे ब्लड क्लॉट बनने का खतरा बढ़ जाता है। ये क्लॉट्स रक्त वाहिकाओं में जमा होकर हार्ट अटैक का खतरा बढ़ा देते हैं।



**रक्त वाहिकाओं के लिए भी खतरनाक**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में दिल की बीमारियों के कारण होने वाली 20% मौतें सीधे तौर पर धूम्रपान से जुड़ी होती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, रक्त वाहिकाओं के लिए भी धूम्रपान की आदत खतरनाक मानी जाती है। अध्ययन में पाया गया है कि सिगरेट में मौजूद रसायन रक्त वाहिकाओं की अंदरूनी परत को नुकसान पहुंचाते हैं। इससे वाहिकाओं का लचीलापन कम हो जाता है और वे सख्त होने लगती हैं। इसे मेडिकल की भाषा में एथेरोस्क्लेरोसिस कहा जाता है। स्मोकिंग करने वालों में ब्लड वेसल्स के संकुचित होने की संभावना ज्यादा होती है, जिससे हाई ब्लड प्रेशर और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है।

यह फेफड़ों के कैंसर, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) और स्ट्रोक जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बनता है।

सिगरेट में मौजूद निकोटिन लत पैदा करती है, जिससे व्यक्ति के लिए इसे छोड़ना मुश्किल हो जाता है।

धूम्रपान इम्यून सिस्टम को कमजोर करती है, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

धूम्रपान से डायबिटीज होने का खतरा भी 30-40% तक बढ़ जाता है। यह पुरुषों में इरेक्टाइल डिसफंक्शन और महिलाओं में प्रजनन समस्याओं का कारण भी बन सकता है।

# शादी के सवाल पर हुमा कुरैशी का साइलेंट रिएक्शन



**बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्हें एक्टर और एक्टिंग कोच रचित सिंह के साथ मुंबई में स्पॉट किया गया, जिसके बाद दोनों के रिश्ते और शादी की खबरों ने जोर पकड़ लिया।**

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दोनों पैपराजी के सामने साथ में पोज देते नजर आए। इसी दौरान एक फोटोग्राफर ने हुमा से उनकी शादी को लेकर सवाल किया, लेकिन एक्ट्रेस ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी और मुस्कुराते हुए सवाल को नजरअंदाज कर दिया। इसके बाद भी उन्होंने रचित के साथ तस्वीरें खिंचवाईं और दोनों एक ही कार में रवाना हो गए। हालांकि, हुमा कुरैशी और रचित सिंह ने अपने रिश्ते को लेकर अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन पिछले कुछ महीनों से दोनों को कई इवेंट्स और पब्लिक आउटिंग्स में साथ देखा जा रहा है। उनकी केमिस्ट्री और सहजता ने फैंस के बीच अटकलों को और हवा दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों की सगाई की खबरें भी सामने आई हैं और यह कपल इस साल के अंत तक शादी कर सकता है। बताया जा रहा है कि अक्टूबर या नवंबर में एक निजी समारोह में शादी हो सकती है, जिसके बाद इंडस्ट्री के लिए एक बड़ा रिसेप्शन आयोजित किया जाएगा। वर्क फ्रंट की बात करें तो हुमा कुरैशी आखिरी बार फिल्म सिंगल सलमान और वेब सीरीज दिल्ली क्राइम के तीसरे सीजन में नजर आई थीं, जहां उनके अभिनय को सराहना मिली। आने वाले समय में वह टॉक्सिक, पूजा मेरी जान, बेबी डू डाई डू और गुलाबी जैसे प्रोजेक्ट्स में दिखाई देंगी। वहीं रचित सिंह ने हाल ही में फिल्म थम्मा से एक्टिंग में कदम रखा है और वह भी कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं।

# सुधा रेड्डी के हीरे के हार की कीमत जानकर रह जाएंगे हैरान



मेट गाला 2026 एक बार फिर दुनिया के सबसे ग्लैमरस फैशन इवेंट के तौर पर चर्चा में है। न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूज़ियम ऑफ आर्ट में आयोजित इस कार्यक्रम में दुनियाभर की मशहूर हस्तियां फैशन इज आर्ट थीम पर आधारित खास अंदाज में नजर आईं। इस बीच हैदराबाद की बिजनेसवुमन सुधा रेड्डी ने अपने शाही लुक से सभी का ध्यान खींच लिया। लग्जरी और भारतीय परंपरा का बेहतरीन मेल पेश करते हुए उन्होंने ग्लोबल मंच पर अपनी अलग पहचान बनाई। सुधा रेड्डी के लुक की सबसे खास बात उनका शानदार हीरे का हार रहा, जिसकी कीमत करीब 142 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इस नेकलेस के बीचोंबीच 550 कैरेट का दुर्लभ तंजानाइट पत्थर जड़ा था, जिसे क्वीन ऑफ मेरेलानी कहा जाता है। विंटेज विक्टोरियन स्टाइल में तैयार इस नेकलेस को डायमंड्स से सजाया गया था। खास बात यह रही कि यह ज्वेलरी उनके निजी कलेक्शन का हिस्सा है। सुधा ने इस खास ज्वेलरी को डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के तैयार किए गए कस्टम आउटफिट के साथ पहना। पारंपरिक कलमकारी कला से प्रेरित इस गाउन का नाम द ट्री ऑफ लाइफ था। इसमें बारीक कढ़ाई, समृद्ध फैब्रिक और भारतीय सांस्कृतिक मोटिफ्स का खूबसूरत मेल देखने को मिला। अपने शानदार स्टाइल, दुर्लभ ज्वेलरी और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दमदार मौजूदगी के चलते सुधा रेड्डी की तुलना अक्सर नीता अंबानी से की जाती है। मेट गाला और कान्स जैसे बड़े आयोजनों में उनकी मौजूदगी ने उन्हें दक्षिण भारत की ग्लोबल स्टाइल आइकन के तौर पर स्थापित किया है। यह पहली बार नहीं है जब सुधा रेड्डी ने मेट गाला में सुर्खियां बटोरी हों।

NNI न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र



# सीएसके ने दिल्ली को आठ विकेट से हराया

## सैमसन का अर्धशतक, कार्तिक भी चमके



संजू सैमसन के नाबाद अर्धशतक और कार्तिक शर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए हुई 114 रनों की अविजित साझेदारी के दम पर सीएसके ने दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराया। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 155 रन बनाए। जवाब में सीएसके ने 17.3 ओवर में दो विकेट पर 159 रन बनाकर जीत दर्ज की। सीएसके की जीत के हीरो सैमसन रहे जिन्होंने 52 गेंदों पर सात चौकों और छह छक्कों की मदद से नाबाद 87 रन बनाए। उन्हें कार्तिक शर्मा का अच्छा साथ मिला जो 31 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 41 रन बनाकर नाबाद रहे। दिल्ली के लिए अक्षर पटेल और लुंगी एनगिडी को एक-एक विकेट मिला।

**रोमांचक हुई प्लेऑफ की दौड़**

## अंक तालिका में सीएसके को डीसी से आगे ले गए सैमसन

### ऑरेंज-पर्पल कैप की जंग तेज



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में प्लेऑफ की रेस बेहद रोमांचक हो गई है। संजू सैमसन की शानदार पारी के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर अंक तालिका में बढ़त बना ली है। अब शीर्ष छह टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है।

### चेन्नई-दिल्ली मैच का हाल

अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 155 रन बनाए। जवाब में चेन्नई सुपर किंग्स ने 156 रन का लक्ष्य 17.3 ओवर में दो विकेट पर 159 रन बनाकर हासिल कर लिया और आठ विकेट से जीत दर्ज की। चेन्नई की शुरूआत अच्छी नहीं रही और टीम 45 रन पर दो विकेट गंवाकर मुश्किल में थी, लेकिन संजू सैमसन ने कार्तिक शर्मा के साथ मिलकर पारी संभाली। दोनों के बीच 114 रन की नाबाद साझेदारी हुई। सैमसन 52 गेंदों पर 87 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि कार्तिक शर्मा ने 41 रन की नाबाद पारी खेली। इस जीत के साथ चेन्नई के 10 अंक हो गए और टीम ने दिल्ली को पीछे छोड़ दिया। मैच से पहले दोनों टीमों के आठ-आठ अंक थे।

### अंक तालिका की स्थिति

पंजाब किंग्स 13 अंकों के साथ पहले स्थान पर है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 12 अंकों के साथ दूसरे, सनराइजर्स हैदराबाद तीसरे और राजस्थान रॉयल्स चौथे स्थान पर हैं। गुजरात टाइटंस पांचवें स्थान पर है। चेन्नई सुपर किंग्स 10 अंकों के साथ छठे स्थान पर पहुंच गई है, जबकि दिल्ली कैपिटल्स आठ अंकों के साथ सातवें स्थान पर खिसक गई। कोलकाता नाइट राइडर्स, मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाएंट्स क्रमशः आठवें, नौवें और दसवें स्थान पर हैं।

### ऑरेंज और पर्पल कैप की दौड़

ऑरेंज कैप की रेस में दिल्ली के केएल राहुल 445 रन के साथ सबसे आगे हैं। उनके पीछे अभिषेक शर्मा, हेनरिक क्लासेन, वैभव सूर्यवंशी और संजू सैमसन हैं। वहीं पर्पल कैप भुवनेश्वर कुमार के पास है, जिन्होंने नौ मैचों में 17 विकेट लिए हैं। अंशुल कंबोज भी 17 विकेट लेकर बराबरी पर हैं, जबकि कगिसो रबाडा, जोफ्रा आर्चर और ईशान मलिंगा भी दौड़ में बने हुए हैं। आईपीएल 2026 में जैसे-जैसे लीग चरण आगे बढ़ रहा है, प्लेऑफ की तस्वीर और भी दिलचस्प होती जा रही है।

## विनेश फोगाट को अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी का नोटिस



**नई दिल्ली।** भारतीय पहलवान विनेश फोगाट को अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) ने डोपिंग परीक्षण के लिए निर्धारित समय पर मौजूद नहीं रहने के मामले में नोटिस जारी किया है। पिछले 12 महीनों में यह उनका पहला वेयरअबाउट्स फेल्योर माना गया है। आईटीए ने चार मई 2026 को भेजे पत्र में बताया कि 18 दिसंबर 2025 को प्रतियोगिता से इतर डोपिंग टेस्ट के दौरान विनेश निर्धारित स्थान पर उपलब्ध नहीं थीं। इस मामले में उनकी ओर से 19 जनवरी 2026 को दी गई सफाई की समीक्षा के बाद इसे औपचारिक रूप से दर्ज कर लिया गया है।

### क्या है पूरा मामला

एजेंसी के मुताबिक, पांच जनवरी 2026 को भी इस संबंध में विनेश को एक पत्र भेजा गया था, जिसमें उनसे जवाब मांगा गया था। डोपिंग नियंत्रण अधिकारी तय 60 मिनट के स्लॉट के दौरान उनके बताए गए स्थान पर उन्हें नहीं ढूंढ पाया। हालांकि, यह मामला सीधे तौर पर डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन में नहीं आता, बल्कि वेयरअबाउट्स नियम के तहत चेतावनी के रूप में दर्ज किया जाता है। इस नियम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होता है कि खिलाड़ी किसी भी समय अचानक होने वाले डोपिंग परीक्षण के लिए उपलब्ध रहें।

### क्या कहते हैं नियम

यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग और विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के नियमों के अनुसार, यदि कोई खिलाड़ी 12 महीनों के भीतर तीन बार टेस्ट के लिए मौजूद नहीं रहता या अपने रहने के स्थान की जानकारी देने में चूक करता है, तो इसे डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन माना जाता है। ऐसे मामलों में खिलाड़ी पर दो साल तक का प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

## गो-कार्टिंग ट्रैक पर 16 साल की लड़की घायल, बाल मशीन में फंसने से चेहरे पर गंभीर चोटें



हैदराबाद। शहर के नेकलेस रोड स्थित एक गो-कार्टिंग ट्रैक पर रविवार को बड़ा हादसा हो गया। गो-कार्ट चलाते समय 16 साल की लड़की के बाल मशीन के घूमते हिस्से में फंस गए, जिससे उसके चेहरे और सिर पर गंभीर चोटें आईं। घटना पिट स्टॉप नाम की गो-कार्टिंग फैसिलिटी में हुई। घायल लड़की की पहचान मायरा फरहा के रूप में हुई है। हादसे के बाद उसे तुरंत किम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक, उसकी स्थिति गंभीर है और उसे कई सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है। परिवार ने इस मामले में ट्रैक के मैनेजमेंट पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि यह हादसा खराब रखरखाव और बुनियादी सुरक्षा इंतजामों की कमी के कारण हुआ। परिवार ने जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, इस घटना के बाद गो-कार्टिंग ट्रैक की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं।

## बुधवार, 06 मई राशिफल

आज नया सीखने की इच्छा बढ़ेगी और आत्मविश्वास मजबूत रहेगा। भाग्य आपका साथ देगा और नई योजनाएं बनेंगी। लीडरशिप क्वालिटी निखरकर सामने आएगी। बातचीत में थोड़ी उलझन हो सकती है, सावधानी रखें। मानसिक तनाव से बचने के लिए खुद को शांत रखें।

आज भावनाओं में गहराई महसूस होगी और सोच गंभीर रहेगी। जिद छोड़कर पार्टनर की बात सुनना जरूरी होगा। रिश्तों में गलतफहमी से बचने की जरूरत है। खर्चों में बढ़ोतरी हो सकती है, बजट संभालें। आकर्षण और व्यक्तित्व में निखार आएगा।

आज पार्टनरशिप और रिश्तों पर ध्यान रहेगा। टीम वर्क से बड़े काम आसानी से पूरे होंगे। निर्णय लेने में थोड़ी दुविधा रह सकती है। करियर में जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। बातचीत में शब्दों का चयन सोच-समझकर करें। सामाजिक संपर्कों से लाभ मिलने के योग हैं।

आज काम और सेहत पर आपका फोकस रहेगा। रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है। ऑफिस में सहयोगियों का साथ मिलेगा। करियर में आगे बढ़ने के मौके मिल सकते हैं। बातचीत में थोड़ी उलझन आ सकती है। खर्च बढ़ सकते हैं, बजट पर ध्यान दें। परिवार और काम के बीच संतुलन बनाएं।

आज का दिन खुशियों और क्रिएटिविटी से भरा रहेगा। प्रेम संबंधों के लिए समय अनुकूल है। आत्मविश्वास और आकर्षण बढ़ेगा। करियर में आपकी इमेज मजबूत होगी। अचानक तनाव या खर्च परेशान कर सकते हैं। निर्णय लेते समय जल्दबाजी से बचें।

आज घर-परिवार और भावनाओं पर ध्यान रहेगा। मन थोड़ा संवेदनशील हो सकता है। करियर में नए अवसर मिलने के संकेत हैं। रिश्तों में धैर्य और समझदारी जरूरी है। अनावश्यक सोच से बचें और शांत रहें। घर से जुड़े खर्च बढ़ सकते हैं।

आज संवाद और प्रयासों पर फोकस रहेगा। अधूरे काम पूरे करने का अच्छा समय है। आत्मविश्वास और साहस में वृद्धि होगी। रिश्तों में गलतफहमी हो सकती है, सावधान रहें। काम का दबाव बढ़ सकता है। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं।

आज धन और वाणी पर आपका ध्यान रहेगा। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें। अचानक खर्च या बदलाव संभव हैं। रिश्तों में मधुरता बनाए रखें। स्वभाव में थोड़ी कठोरता आ सकती है। करियर में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा।

आज आत्मविश्वास और ऊर्जा में वृद्धि होगी। नई शुरूआत के लिए दिन अनुकूल है। रिश्तों में सहयोग और समझ बढ़ेगी। जल्दबाजी में फैसले लेने से बचें। घर में थोड़ी अशांति हो सकती है। क्रिएटिविटी में बढ़ोतरी होगी। छोटे प्रयास बड़े परिणाम देंगे।

आज मन थोड़ा शांत और एकांतप्रिय रहेगा। पुरानी बातों को छोड़ने का समय है। खर्चों में बढ़ोतरी हो सकती है। करियर में मेहनत का फल मिलेगा। रिश्तों में संवाद की कमी रह सकती है। क्रिएटिव कामों में रुचि बढ़ेगी। मानसिक शांति पर ध्यान दें।

आज लाभ और नेटवर्किंग पर ध्यान रहेगा। दोस्तों से सहयोग मिलने के योग हैं। नई योजनाएं बनाने के लिए समय अच्छा है। बातचीत में गलतफहमी हो सकती है। खर्चों और निवेश में सावधानी रखें। क्रिएटिविटी बढ़ेगी और नए मौके मिलेंगे। रिश्तों में संतुलन बनाए रखें।

आज करियर और प्रतिष्ठा पर फोकस रहेगा। काम में नई पहचान मिलने के योग हैं। आत्मविश्वास और अनुशासन बढ़ेगा। पैसों के लेन-देन में सावधानी रखें। परिवार का सहयोग मिलेगा। काम का दबाव बढ़ सकता है। रिश्तों में स्थिरता बनी रहेगी।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़कर हुआ 18,000 रुपये

- 16 शिक्षामित्रों को 18 हजार का डमी चेक देकर किया गया सम्मानित
- जनपद आगरा के 2442 शिक्षामित्रों को मिलेगा योजना का सीधा लाभ

एनएनआई



**आगरा।** प्रदेश की योगी सरकार ने बेसिक शिक्षा ढांचे को मजबूती देने वाले शिक्षामित्रों के हित में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया है। शिक्षामित्रों के वर्षों के अथक परिश्रम और शिक्षा के प्रति उनके समर्पण को सम्मान देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके मानदेय में भारी वृद्धि की है। अब प्रदेश के करीब 1.43 लाख शिक्षामित्रों को 10 हजार की जगह 18,000 रुपये प्रतिमाह का मानदेय मिलेगा, जो अप्रैल 2026 से प्रभावी हो चुका है। इस नए नियम के तहत शिक्षामित्रों को वर्ष में 11 महीने तक यह सम्मानजनक धनराशि प्राप्त होगी।

इस ऐतिहासिक निर्णय का उत्सव मनाने के लिए सूरसदन प्रेक्षागृह में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद गोरखपुर से लाइव प्रसारित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन को उपस्थित जनसमूह ने बड़े उत्साह के साथ सुना और देखा। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य, केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया विधायक, एमएलसी विजय शिवहरे, डॉ. धर्मपाल सिंह और चौधरी बाबूलाल की उपस्थिति में जनपद आगरा के 2442 शिक्षामित्रों को 10 हजार से बढ़ाकर 18 हजार किए गए मानदेय की धनराशि का डमी चेक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विकास खंड से आए शिक्षा मित्र रघुवंशी कुशवाह (पिनाहट), विनीता यादव (बरौली अहीर), पुष्पा परमार (खेरागढ़), नीलम (शमशाबाद), संगीता भारती (नगर क्षेत्र), मोहित उपाध्याय (जगनेर), साधना भदौरिया (एत्मादपुर), जय सिंह धाकरे, ख्याली राम (अछनेरा), शिशुपाल सिंह (अकोला), सुरेंद्र पाल सिंह (फतेहपुर सीकरी), सुधीर शर्मा (फतेहाबाद), पवन शर्मा (बिचपुरी), हरीशंकर (बाह), राज कुमार (खंदौली), हरनाथ सिंह (जैतपुर) को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष बंसल, मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार गौड़, डाइट प्राचार्य अनिरुद्ध सिंह, नगर शिक्षा अधिकारी सुमित कुमार सहित बेसिक शिक्षा विभाग के तमाम अधिकारी और बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे, जिन्होंने सरकार के इस क्रांतिकारी फैसले की सराहना की।

# मजदूर वर्ग को और अधिक सशक्त बनाने पर दिया जोर



- महिला कल्याण संगठन द्वारा मजदूर दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

एनएनआई

**आगरा।** मंडल के महिला कल्याण संगठन द्वारा मजदूर दिवस का गरिमामय कार्यक्रम समारोह रेलवे आफिसर्स क्लब में आयोजित किया गया। जिसमें रेलवे के विभिन्न विभागों से नामित (समूह -डी) कर्मचारियों के साथ -साथ सास्कृतिक समिति की महिलाओं ने भी भाग लिया। इस उपलक्ष्य में संगठन की अध्यक्षा ईशानी गोयल द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा ईशानी गोयल द्वारा मजदूर वर्ग के योगदान पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त मजदूर वर्ग को और अधिक निपुणता के साथ कार्य करने तथा अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में अनेक सास्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गीत नाटक तथा नृत्य के माध्यम से मजदूर वर्ग को जागरूक किया गया। सभी नामित कर्मचारियों को सम्मान उपहार देकर उनका मनोबल बढ़ाया गया। इस कार्यक्रम में महिला संगठन की अध्यक्षा ईशनी गोयल के साथ साथ सचिव मोनिका, कोषाध्यक्ष डॉ. ममता मीना एवं संयुक्त सचिव रीना बघेल एवं वरिष्ठ सदस्य रेनु प्रसाद, स्नेहा कुमारी,अपूर्वा यादव,सविता त्रिपाठी,लता मेघवाल एवं अस्मिता अग्रहरी ने भाग लिया ।

# पेयजल आपूर्ति न होने की शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा:डीएम

- शहर की पेयजल, सीवरेज और जल प्रबंधन परियोजनाओं पर दिया विस्तृत प्रेजेंटेशन

एनएनआई



**आगरा।** जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में जल (नगरीय) द्वारा कराए जा रहे पेयजल एवं सीवरेज संबंधी प्रेजेंटेशन व कार्यों की समीक्षा बैठक कैंप कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में सर्व प्रथम जिलाधिकारी के समक्ष शहर की पेयजल सप्लाई, वाटर स्टोर क्षमता, सीवरेज व्यवस्था का विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया जिसमें बताया गया कि अमृत योजना के अंतर्गत आगरा गंगाजल परियोजना के माध्यम से बुलंदशहर के पालड़ा झाल से 130 किमी पाइप लाइन द्वारा गंगाजल आपूर्ति की जाती है गंगाजल संचयन हेतु सिकंदरा व जीवनी मंडी में वाटरवर्क्स स्थापित हैं तीसरा पोइया में स्थापित किया जा रहा है।

बैठक में जिलाधिकारी महोदय ने कुल वाटर हाउस कनेक्शन, पेयजल सप्लाई हेतु डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क,लाइन, ओवरहेड टैंक,उसकी रख रखाव व्यवस्था, शहर में कितने घरों में गंगा जल की आपूर्ति की जा रही है, पेयजल की गुणवत्ता जांच, शहर की कुल पेयजल मांग तथा उसके सापेक्ष सुनिश्चित आपूर्ति, प्रस्तावित फ्यूचर प्लान, प्रगतिमान प्रोजेक्ट में लैंड व अन्य सम्बन्धित समस्या आदि की विस्तृत सूचना तलब की।

बैठक में भविष्य की कार्य योजना,पॉपुलेशन के सापेक्ष पेयजल डिमांड आदि के कांसेपचुअल ले-आउट प्लान, सोर्स डेवलपमेंट, पाइप लाइन की भी समीक्षा कर संबंधित को निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जलकल विभाग को स्पष्ट निर्देशित किया कि पेयजल की नियमित क्वालिटी जांच तथा भीषण गर्मी के दृष्टिगत सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, पेयजल आपूर्ति न होने की किसी भी शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा, उन्होंने सुगम पेयजल आपूर्ति न होने वाले क्षेत्रों, कॉलोनियों को चिह्नित करने, पानी टैंकर की व्यवस्था सुनिश्चित करने,पूर्व में ही कार्य योजना बनाकर तद संबंधी समस्त तैयारीयों को पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए।

## बाढ़ से निपटने को प्रशासन अलर्ट,चौकियों को दुरुस्त करने और कर्मचारियों की तैनाती पर दिया जोर

आगरा। जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में बाढ़ स्टेयरिंग कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी तहसील के उपजिलाधिकारी को बाढ़ चौकी की स्थिति देखने और ठीक करने एवं उन पर कर्मचारियों के ड्यूटी लगाए जाने के निर्देश दिए सभी चैकियों पर कर्मचारियों के मोबाइल नंबर, संबंधित एसएचओ के नंबर एवं गोताखोर लिस्ट लगाए जाने एवं नाव की उपलब्धता एवं उसके मालिक के नंबर लिस्ट तैयार किए जाने के निर्देश दिए। नगर निगम एवं नगर पालिका व नगर पंचायत को नालों की साफ सफाई के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग को नहरों की साफ सफाई सॉइल बैग की उपलब्धता कंट्रोल रूम एवं वाटर स्टेशन पर ड्यूटी लगाए जाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को मेडिकल किट तैयार किए जाने के निर्देश दिए जिससे बाढ़ के समय बाढ़ पीड़ित परिवारों को मेडिकल सुविधा तत्काल प्रदान की जा सके। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को भूसा की पर्याप्त मात्रा रखे जाने एवं पशुओं के टीकाकरण के निर्देश दिए। आपदा विशेषज्ञ शिवम कुमार मिश्रा को बाढ़ संबंधी समस्त टेंडर समय से कराए जाने , कंट्रोल रूम स्थापित कराए जाने एवं जनपद में समस्त गोताखोर की लिस्ट तैयार कराए जाने ,एसडीआरएफ एवं एनडीआरएफ टीम से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए।